# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 4 जून 2025




## बाहर निकलने की कोशिश करते करते परेशान हो चुका था शावक



# कुंए से बाहर निकलते ही हाथी शावक ने जेसीबी चालक को इशारों में कहा- थैंक्यू, और भाग गया जंगल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

घरघोड़ा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत एक हाथी शावक जंगल से निकलकर गांव के करीब आया और कुंए में गिर गया। सुबह उसकी चिंघाड़ सुनकर लोगों ने सूचना वन अमले को दी। इसके बाद रेस्क्यू शुरू किया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद शावक को बाहर निकाल लिया गया। कुएं में फंसा शावक बाहर निकलते ही जेसीबी के बकेट को सूंड से पकड़ कर चालक को इशारों में थैंक्यू कहा और जंगल की ओर चला गया। इस मार्मिक दृश्य को देख मौके मौजूद ग्रामीण व वन विभाग की टीम भी आश्चर्य में नजर आए।



### झुंड छाल रेंज की ओर चले गया

बताया जा रहा है कि हाथी शावक करीब एक साल का होगा, जो रात में अपने झुंड के साथ छाल रेंज की ओर से चारमार बीट में आया। यहां जंगल से निकलकर शावक गांव के करीब पहुंचा और वह एकाएक बल्लभो गुप्ता के कुंए में गिर गया। सुबह होते तक उसका झुंड वापस छाल रेंज की ओर चले गया। सुबह शावक चिंघाड़ने लगा तो महुआ बिनने जाने वाले ग्रामीणों ने उसकी आवाज सुनी और कुंए में झांक कर देखा तो शावक हलाकान और परेशान हो चुका था।

### अफसरों ने शुरू कराया रेस्क्यू

घटना की जानकारी वन अमला को भी दी गई। जिसके बाद एसडीओ, रेंजर समेत घरघोड़ा वन अमला मौके पर पहुंचा और तुरंत ही रेस्क्यू शुरू किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण यहां मौजूद थे, लेकिन वन अमला ने एक सुरक्षा घेरा बनाकर शावक को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। वन अमला द्वारा जेसीबी से कुएं को एक ओर से खुदाई करते हुए मिट्टी डालना शुरू किया गया, इस तरह करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद हाथी शावक कुंए से बाहर निकला। बाहर निकलते ही जेसीबी के बकेट को सूंड से पकड़कर इस तरह अभिवादन करने लगा, जैसे कि वह चालक को धन्यवाद कह रहा हो। इसके बाद हाथी जंगल की ओर चला गया। ऐसे में विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी उसके पीछे चलने लगे, ताकि उसे उसके झुंड से मिलाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया में पीएम के खिलाफ टिप्पणी

**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ऑपरेशन सिंदूर और सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर की गई कथित टिप्पणी के मामले में भिलाई के कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह को पुलिस ने देर रात हिरासत में लिया है। उन्हें वैशालीनगर थाने में बैठाकर रखा गया है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक और नेता थाने पहुंच गए हैं। बृजमोहन सिंह साडा के पूर्व उपाध्यक्ष हैं। वैशालीनगर विधानसभा चुनाव से कांग्रेस के उम्मीदवारी में चुनाव भी लड़ चुके हैं। पुलिस ने कारणों का खुलासा नहीं किया है।



### पिकनिक मनाने गए लोगों पर मधुमक्खियों ने किया हमला




**धमतरी।** पिकनिक मनाने माड़मसिल्ली गए लोगों पर मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमलाकर दिया। इस हमले में दर्जन भर से अधिक लोग घायल हुए है। इन सभी का जिला अस्पताल में उपचार किया गया। अधारी नवागांव निवासी एक परिवार बीते दिनों आटो में सवार होकर पिकनिक मनाने माड़मसिल्ली गया था। उनके साथ रायपुर के रिश्तेदार भी थे। सभी लोग माड़मसिल्ली पहुंच घूम रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों को देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह भागकर व छिपकर अपने आपको मधुमक्खियों से बचने का प्रयास कर रहे थे। वहीं नदी किनारे मछली पकड़ रहे मछुआरे भी अपनी तरफ मधुमक्खियों को आते देख बचने के लिए पानी में छलांग लगा दी। सभी लोग किसी तरह मधुमक्खियों से बचकर आटो में सवार होकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। इनके शरीर में चुभे मधुमक्खियों के डंक को बाहर निकाला गया। उपचार के बाद सभी लोग घर अधारी नवागांव लौट गए।

### नक्सलियों के डंप किए हुए बीजीएल सहित कई सामग्री फोर्स के हाथ लगी

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानाक्षेत्र के टेकापानी में फोर्स को नुकसान पहुँचाने के दृष्टिकोण से बीजीएल सहित कई सामग्रियों को डंप करके रखा था, जो गश्त के दौरान फोर्स के हाथ लगा। फोर्स ने सामग्री को जप्त करते हुए जाँच शुरू कर दिया है। थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेकापानी के जंगल में डीआरजी, जिला बल, 30 एवं 40 वीं वाहिनी बीएसएफ द्वारा संयुक्त नक्सल गस्त एरियाडॉमिनेशन के लिए निकली थी। गश्त के दौरान नक्सलियों का डंप किया हुआ सामान दिखा। टीम को लीड करने वाले अफसरों ने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया। आईजी बस्तर सुंदराज पी. डीआईजी अमित तुकाराम कामले, डीआईजी बीएसएफ विपुल मोहन बाला के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके एलिसेला के निर्देशन में गस्त पर निकली टीम ने एहतियात बरतते हुए डंप सामग्री को निकालते हुए जप्त किया।

# एनआरआई कोटे पर सरकार सुस्त अब हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

## मेडिकल प्रवेश में धांधली का अंदेशा कोर्ट ने दी थी नियम बनाने नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हरिभूमि खास

निजी मेडिकल कालेज की एनआरआई कोटे को लेकर पिछली बार खूब विवाद हुआ। मामला हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने उस वक्त प्रवेश ले चुके छात्रों को राहत देते हुए कहा था कि सरकार अगले वर्ष के लिए नियम बना सकती है। अब नीट का रिजल्ट आने को है और अब तक काउंसलिंग को लेकर नए नियम नहीं बने हैं। संशोधन का प्रस्ताव अभी भी अफसरों के टेबल पर अंतिम निर्णय के लिए अटका हुआ है। इस बीच हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। प्रदेश में पांच निजी मेडिकल कालेज है जहां अप्रवासी भारतीय कोटे की सौ से अधिक सीटें हैं। इनमें एडमिशन के लिए चाचा, ताऊ, मौसा, माना, नाना, दादा जैसे दूर के रिश्तेदारों के प्रमाणपत्र को मान्य किए जाने पर एतराज किया गया था। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने काउंसिलिंग के बीच में इस मामले की जांच शुरू की थी। जिस पर निजी कालेज प्रबंधन न्यायालय चले गए थे।

### नियम बनता तो वास्तविक हकदार को मिलता लाभ

हाईकोर्ट ने उस दौरान काउंसिलिंग जारी रखने के साथ निर्देश दिया था कि नियम लागू करने नियम में संशोधन के साथ गजट नोटिफिकेशन कर ले। इसके बाद विभाग और शासन स्तर पर इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई गई उनके सुस्त रवैये की वजह से सालभर का वक्त बीतने को है।संभावना है कि एमबीबीएस के लिए नीट का परिणाम दूसरे पखवाड़े में आने की उम्मीद है। इसके बाद मेडिकल कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शासन द्वारा एनआरआई कोटे में एडमिशन के लिए नियम तैयार कर लागू कर दिया जाता है तो इसका लाभ इसके वास्तविक हकदार को मिल पाएगा अन्यथा इस बार भी करोड़ों रुपए खर्च कर विदेश में रहने वाले दूर के रिश्तेदारों के सर्टिफिकेट के दम पर अपात्र सीटे हथिया लेंगे।

## उच्च न्यायालय में जनहित याचिका की गई दाखिल, अगले सप्ताह सुनवाई

**बिलासपुर।** मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई के दूर के रिश्तेदारों को आरक्षण देने के मामले पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका प्रेमप्रकाश शुक्ला ने दायर की है जिसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन कर रही है। सुको ने अपने आदेश में कहा है कि एनआरआई कोटे के तहत ब्लड रिलेशन को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसमें माता पिता के साथ बच्चे शामिल हो सकते हैं। इसमें अंकल, आंटी, कजिन को शामिल नहीं करने का निर्देश दिया गया था। छग सरकार ने लेकिन इस कोटे में विस्तार कर दिया है। इस याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

गौरतलब है कि, मेडिकल कॉलेजों में कुल सीटों का 15% एनआरआई कोटे के लिए आरक्षित होता है। इसमें इस कोटे के नाम पर चाचा, बुआ, नाना, नानी जैसे और अन्य दूर दराज के रिश्तों को आधार बनाते हुए नीट में कम अंक वाले छात्रों को मोटी रकम लेकर सीटें आबंटित की जा रही है। खासतौर पर छत्तीसगढ़ में ऐसा हो रहा है सुप्रीम कोर्ट ने एसएलए (C) 22174/2024 पंजाब व अन्य विरुद्ध निर्णय दिया गया। इसमें एनआरआई से रिश्तेदारी के नाम पर प्रवेश को कोर्ट ने साफ शब्दों में फ्रॉड कहा है और गलत ठहराया है। नियमतः यह पूरे देश में लागू हुआ है।

### नए नियम से लगेगी सिंडिकेट पर लगाम

ध्यान रहे कि चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पिछले साल जो काउंसलिंग कराई उसमें पुराने नियम से ही एमबीबीएस सीटों का आवंटन कराने की प्रक्रिया पूरी की। इसमें शिकायत भी हुई थी कि प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों को फायदा पहुंचाने के लिए एक बड़ी लॉबी सिंडीकेट की तरह काम कर रही है, जिसके माध्यम से पूरे सिस्टम को गुमराह किया जा रहा है और, सीटें खरीद फरोख्त कर करोड़ों रुपये के वारे न्यारे करने का खेल भी चल रहा है। दायर याचिका में कहा गया है किनए नियम लागू होने से इस पर लगाम लग सकती है।

### ऐसे में तो कोई भी रिलेटिव बन जाएगा

दायर जनहित याचिका में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि एनआरआई के दूर के रिश्तेदारों को एडमिशन में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता। सूको ने कहा है कि 'नियरेस्ट रिलेटिव टर्म को देखिए, कोई भी रिलेटिव बन सकता है, यहां तक कि थर्ड कजिन भी। जनरल कैटेगरी का स्टूडेंट 700 में से 630 नंबर लाकर भी सीट नहीं पा सकेगा, जबकि 200 नंबर लाकर भी कोई स्टूडेंट पा जाएगा। याचिका में कहा गया है कि अप्रवासीय भारतीयों के कोटे में दूर के रिश्तेदारों को एडमिशन में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

कामकाज पर जीएडी की रिपोर्ट पर निर्णय संभव

## कैबिनेट आज, खरीफ की तैयारी, तबादला नीति सहित कई निर्णय

**रायपुर।** साय सरकार के कैबिनेट की बैठक बुधवार को होगी। कैबिनेट में राज्य सरकार कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है। कैबिनेट में तबादला नीति को मंजूरी मिलने के साथ ही राज्य सरकार जीएडी ने पांच दिन के बदले अब कार्यालयों में 6 दिन कार्य की रिपोर्ट सरकार को दी है, इस पर भी मुहर लग सकती है। कैबिनेट में इसके साथ खरीफ सीजन के फसल की तैयारी और खाद्य के संकट से निपटने पर भी चर्चा की जाएगी।



बताया जाता है कि राज्य सरकार कर्मचारी फेडरेशन और अन्य संघों की मांग को देखते हुए तबादला नीति को मंजूरी दे सकती है। राज्य में अगस्त 2022 में तबादला किए गए थे। उसके बाद से तबादले नहीं किए गए हैं। वर्ष 2023 चुनाव के कारण और 2024 में भी तबादला नहीं किए गए। ऐसे में द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों में तबादले नहीं हो सके। हालांकि कुछ तबादले सीएम के समन्वय से किए गए हैं। वह भी राज्य प्रशासनिक सेवा और अन्य लोगों के ही तबादले हुए हैं। माना जा रहा है कि कैबिनेट में तबादला नीति को मंजूरी मिलेगी। यह तबादले जुलाई-अगस्त में किए जाने के संकेत मिल रहे हैं।

### शासकीय कार्यालयों में हफ्ते में 6 दिन कार्य

अब राज्य के सरकारी दफ्तरों में अब हफ्ते में 5 की जगह 6 कार्य दिवस होंगे, जबकि रविवार को छुट्टी रहेगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में एक रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को भेज दी है। इसमें सुझाव दिया गया है कि सभी विभागों को शनिवार को भी काम करना चाहिए, ताकि आम नागरिकों के काम जल्दी निपट सकें। इससे प्रशासन की कार्यकुशलता बढ़ेगी और फाइलों के निपटारे में तेजी आएगी। कैबिनेट की बैठक में इस पर भी निर्णय हो सकता है।

35 लाख मीट्रिक टन धान की करनी है नीलामी

## 10 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी पूरी, 25 लाख टन का सौदा पूरा होना अभी बाकी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन के अतिशेष धान की नीलामी की प्रक्रिया अब महत्वपूर्ण दौर में पहुंच गई है। अप्रैल के मध्य से जारी ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया के बीच अब तक 10 लाख मीट्रिक टन धान के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट की राशि मार्कफेड को मिल चुकी है। इसका मतलब ये है कि ये 10 लाख टन धान का उठाव होना तय है। हालांकि अभी भी 25 लाख मीट्रिक टन धान नीलामी के लिए बाकी है।



राज्य सरकार ने पिछले खरीफ सीजन 2024-25 में 149 लाख मीट्रिक टन धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा था। इसमें से एक बड़ा हिस्सा केंद्र सरकार को सेंट्रल पूल के लिए दिया गया। राज्य पूल के लिए जरूरत के मुताबिक धान रखने के बाद भी सरकार के पास 35 लाख मीट्रिक टन धान शेष बचा है, वहीं धान दरअसल अतिशेष है, जिसकी ऑनलाइन माध्यम से नीलामी जारी है। इसी बीच राज्य सरकार ने मिलिंग की राशि के बदले मिलरों को धान देने का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रस्तावित किया है। इसके अनुसार मिलर्स को मिलिंग कार्य के लिए धान दिया जाएगा, न कि पैसा। यह प्रस्ताव उन मिलरों के लिए है, जो अतिरिक्त धान की खरीद करेंगे।

### सरकार ने कम नहीं किया धान का रेट

इधर धान की नीलामी की प्रक्रिया के बीच मिलरों की ओर से धान की कीमत करने का प्रस्ताव भी रखा गया, लेकिन उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार रेट कम नहीं किया गया। प्राइज मैचिंग के आधार पर ही कीमत सरकार को मिल रही है। हालांकि अब तक औसत रेट 1750 से लेकर 1900 के आसपास रेट मिल रहा है। यह सौदा सरकार के लिए एक बड़े घाटे का सौदा है, लेकिन इसे करना सरकार की मजबूरी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी अतिशेष धान के निराकरण के लिए ऐसा ही घाटे का सौदा किया गया था।

### सात दिनों में जमा करनी होती है सुरक्षा निधि

धान नीलामी की प्रक्रिया में सौदा तभी पूरा होता है जब मार्कफेड को सुरक्षा निधि यानी सिक्योरिटी डिपॉजिट की राशि मिल जाती है। बताया गया है कि बोली के बाद सुरक्षा निधि जमा करने के लिए 7 दिन का समय तय होता है। क्रेता द्वारा नीलामी में स्टेक खरीदी हेतु चयन उपरांत यदि सुरक्षा निधि 7 कार्यदिवस में जमा नहीं किया गया है, तो ईएमडी. राशि राजसात किये जाने का प्रावधान है। हालांकि कुछ क्रेता बॉयर जो समय-सीमा में एसडी. जमा नहीं कर पाये है, उन्हें वन टाईम अवसर प्रदान किया गया है।

## जिले में महज चौबीस घंटों में दो ग्रामीणों की हत्या, आरोपी फरार

**पाण्डातराई।** जिले की खस्ताहाल और चरमराई कानून व्यवस्था के बीच प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले में बीते चौबीस घंटों में अज्ञात आरोपियों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया। हैरानी की बात यह है कि हत्या जैसे संगीन अपराध के इन दोनों ही मामलों में अभी तक पुलिस के हांथ खाली है और आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

ताजा मामला जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम बककड़ा महली का है। बताया जाता है कि बीते सोमवार की दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच स्थानीय निवासी रामगुलाल धुर्वे पिता अमर सिंह बैगा आयु 40 वर्ष की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिन दहाड़े घर में घुसकर उस समय गला रेतकर हत्याकर दी गई जब वह घर में अकेला था। हालांकि अभी तक हत्या किए जाने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि वारदात के वक्त मृतक का पुत्र बकरी चराने गया था और जब वह शाम को वापस घर लौटा तो घर में उसे पिता का खून से लतपथ शव पड़ा था। जिसकी सूचना उसने तत्काल अपने दूसरे परिजनो तथा आसपड़ोस के लोगों को दी तथा घटना की सूचना पाण्डातराई पुलिस को दी गई।

## सुभाष आइस फैक्ट्री में हादसा, सिलेंडर ब्लास्ट होने से संचालक के उड़े चिथड़े

**रायगढ़।** कोतवाली थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित लालटंकी क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सिलेंडर ब्लास्ट होने से संचालक के चिथड़े उड़ गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मौके पर मौजूद स्टाफ भी इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

दरअसल लालटंकी क्षेत्र के दानीपारा में सालों से सुभाष आईस फैक्ट्री का संचालन होता आ रहा है। यहीं से ही शहर में बर्फ व आइसक्रीम की सप्लाई होती है। इसके संचालक संजय सहगल खुद ही बर्फ जमाने के लिए हाइड्रोजन सिलेंडर का उपयोग करते थे।





परिजनों की मानें तो वो सिलेंडर बदलने व रिफलिंग करने में भी एक्सपर्ट थे। इसी क्रम में मंगलवार की दोपहर भी वो सिलेंडर बदल रहे थे, तभी अचानक अज्ञात कारणों से सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। तेज धमाके की आवाज सुन कर घर वाले मौके पर पहुंचे तो देखा कि संजय सहगल और उसका स्टाफ अमन जमीन पर पड़े थे। फैक्ट्री की छत और जमीन खून के धब्बों से सनी थी। इसके बाद तो मौके पर चीख पुकार मच गई।

### घटना में संबंध में जांच जारी

लालटंकी एरिया के दानीपारा में सुभाष आईस फैक्ट्री में हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। फैक्ट्री संचालक संजय सहगल की केजीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं उनका स्टाफ जो कि मौके पर था, वह भी घायल हुआ है। जिसका आरएल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। यह घटना कैसे हुई पुलिस इसकी जांच कर रही है।

सुखनंदन पटेल, टीआई कोतवाली

बस्तर के नौजवान अपने प्रयासों से खत्म करेंगे माओवादी विचार

# नक्सली बंदूक की गोली से चीन की तरह सरकार बनाना चाहते हैं: गृहमंत्री शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विशेष खबर

शान्ति समिति के बैनर तले माओवाद के विद्रुप चेहरा बीजिंग से बस्तर तक विचार गोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया। विचार गोष्ठी में बस्तर शांति समिति के पदाधिकारियों के अलावा गृहमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन, समिति के सदस्य दशरथ कश्यप, पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता व अन्य अतिथियों ने अपनी बात रखी। संगोष्ठी में बस्तर संभाग के सभी जिलों से नक्सल पीड़ित परिवार भी शामिल हुए। संगोष्ठी से पूर्व चीन में 3-4 जून 1989 की रात तियानमेन चौक में लोकतंत्र की मांग करने और माओवाद समस्या पर केंद्रित वृत्तचित्र का भी प्रदर्शन किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर के नौजवान अपने प्रयासों से माओवादी विचार को खत्म कर देंगे। बस्तर के नौजवान विकास की बात करेगा और सुरक्षा बल के जवान अपने कर्तव्य के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। बस्तर का विकास, बस्तर के मॉडल से होगी और बस्तर के हिसाब से होगी। बस्तर का जल, जंगल, जमीन बस्तर के निवासियों, युवाओं का है। शासन शांति के लिए हर संभव कार्य कर रही है अभी जो सुरक्षा बल कैंप हैं वो भविष्य में लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन केंद्र के रूप में विकसित की जाएगी। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हम बस्तरवासी पिछले चार दशक से माओवाद के दंश को झेल रहे हैं। विचार गोष्ठी में बस्तर सांसद बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने भी बातें रखीं।



### राजनीतिक शक्ति बंदूक की नली से निकलती है को झुठलाया बस्तर के लोगों ने

विजय शर्मा ने सगोंष्ठी में मौजूद सैकड़ों लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को आदर्श मानकर नक्सली (माओवादी) बस्तर में जल, जंगल, जमीन की बात करते हैं। उसी चीन में 3-4 जून 1989 की रात तियानमेन चौक में लोकतंत्र की मांग करने वाले 10 हजार छात्रों को टैंक से कुचल दिया गया था। नक्सलियों के आदर्श माओ त्से तुंग ने कहा था कि राजनीतिक शक्ति बंदूक की नली से निकलती है। इस विचारधारा को लेकर माओवादियों ने वर्षों से बस्तरवासियों को उनके अधिकारों से वंचित रखते हुए बस्तर की भूमि में हजारों निर्दोष आदिवासियों को व सैकड़ों सुरक्षा कर्मियों को मौत के घाट उतारा है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






# आरसीबी की विराट जीत

## रोमांचक मैच में आरसीबी ने जीता अपना पहला खिताब



### 18वें साल में 18 नंबर की जर्सी की किस्मत जागी

| प्लेयर ऑफ द मैच | प्लेयर ऑफ द सीरीज | ऑरेंज कैप |
|---|---|---|
| कुणाल पांड्या<br>बेंगलुरु | साई सुदर्शन<br>गुजरात | साई सुदर्शन<br>गुजरात |

पर्पल कैप- प्रसिद्ध कृष्णा, गुजरात

*रात 11 बजकर 20 मिनट : पसीने से सराबोर विराट कोहली थोड़े अधीर दिखते हैं। आखिर हो भी क्यों नहीं, उनका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का पहला आईपीएल खिताब बस एक ओवर दूर था। 11 बजकर 25 मिनट : जोश हेजलवुड ने 20वें ओवर में आरसीबी की जीत सुनिश्चित कर दी। कोहली की आंखें भर आई और आंसू कपालों पर आ गिरे। अपना चेहरा उन्होंने हथेली में छिपा लिया। आखिर 18 नंबर की जर्सी को 18वें सीजन में जीत का खिताब मिल गया। एक महान खिलाड़ी और उस पर अटूट भरोसा करने वाली एक टीम के लिये यह सबसे भावनात्मक पल था। पिछले 18 साल की नाकामियां और निराशा इस पल में पीछे छूट गई।*



बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया ने पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर को दिया पुरस्कार।

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के फाइनल मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट जीत दर्ज करते हुए पंजाब किंग्स को 6 रन से हराते हुए पहली बार खिताब पर कब्जा जमाया। जीत के हीरो विराट कोहली रहे। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए मैच में आरसीबी ने पहले खेलते हुए 190/9 का स्कोर बनाया। जवाब में पंजाब किंग्स की टीम पूरे ओवर खेलने के बावजूद 184/7 का स्कोर ही बना सकी। इससे पहले आरसीबी की टीम 2009, 2011 और 2016 में फाइनल में पहुंची थी लेकिन खिताब नहीं जीत सकी थी। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### फूट-फूट कर रोए कोहली



*आरसीबी की जीत के करीब पहुंचते ही पूर्व कप्तान कोहली अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और भावुक हो गए। जैसे ही मैच पूरा हुआ वैसे ही वह मैदान में फूट-फूटकर रोने लग गए।*

### इस तरह से रहा फाइनल मुकाबला

*आरसीबी के फिल सॉल्ट (16) का विकेट जल्दी गिरने के बाद विराट कोहली (43) और मयंक अग्रवाल (24), रजत पाटीदार (26), लियाम लिविंगस्टोन (25) और जितेश शर्मा (24) ने छोटी मगर प्रभावशाली पारी खेलकर टीम को 190 के अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में पंजाब किंग्स के प्रियांशु आर्य (24) और प्रभसिमरन सिंह (26) और श्रेयस अय्यर (1) जल्दी आउट हुए। इसके बाद जोश इंग्लिस (39) और शशांक ने संघर्ष किया, जो जीत के लिए नाकाफी साबित हुआ।*

## एयरफोर्स ने आकाश में तिरंगा फॉर्मेशन बनाया

*अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के खिताबी मुकाबला शुरू होने के पूर्व मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित की गई। इसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को लेकर भारतीय सशस्त्र बलों का सम्मान किया गया। इसके तहत बॉलीवुड के गायकों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर स्टेडियम में मौजूद सभी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। समापन समारोह में मशहूर गायक शंकर महादेवन ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर भारतीय सेना के गौरव और सम्मान को बढ़ाया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जिक्र किया और 'भारत माता' का जयकारा लगवाया।*



- 'जय हो' गाने की धुन के साथ हुई समारोह की शुरुआत
- शंकर महादेवन ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर बांधा समां






## खबर संक्षेप

### सौदान सिंह आज आएंगे रायपुर



**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह 4 जून बुधवार को रायपुर आएंगे। दोपहर 2.45 बजे दिल्ली से माना एयरपोर्ट पहुंचने के बाद श्री सिंह सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निवास जाएंगे। श्री सिंह शाम के विमान से दिल्ली लौट जाएंगे।

### यमुना में नहाते समय चार किशोरियां डूबीं



**आगरा।** जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के नगला नाथू गांव के पास मंगलवार को यमुना नदी में नहाते समय चार किशोरियां डूब गईं। मृतकों की पहचान दिव्या (14), संध्या (12), शिवानी (17) और नैना (14) के रूप में हुई है।

### तुर्किये में बने 'लाइफबॉय' खरीदने की योजना रद्द



**मुंबई।** मुंबई नगर निकाय ने करीब छह समुद्र तटों पर तैनाती के लिए तुर्किये निर्मित रोबोटिक 'लाइफबॉय' खरीदने की अपनी योजना रद्द कर दी है। यह निर्णय ऐसे वक्त में लिया गया है जब पाकिस्तान को समर्थन देने की वजह से तुर्किये को भारत की ओर से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

### ऑक्सफोर्ड में अध्ययन के लिए रोड्स छात्रवृत्ति



**नई दिल्ली।** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए प्रतिष्ठित रोड्स छात्रवृत्ति के लिए आवेदन मंगलवार को शुरू हो गए। रोड्स स्कॉलरशिप पूर्णरूप से वित्तपोषित है, जो उत्कृष्ट छात्रों को ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में दो से तीन साल का अध्ययन करने में सहायता करती है।

### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राहुल ने प्रधानमंत्री को घेरा, जनरल चौहान ने बताई भारतीय सेना की ताकत

# राहुल बोले-ट्रंप के फोन पर पीएम का सरेंडर सीडीएस बोले- 8 घंटे में पाक ने टेके घुटने


### भाजपा और संघ पर राहुल गांधी ने जमकर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/पुणे/भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पार्टी के 'संगठन सृजन अभियान' की शुरुआत करने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ट्रंप का एक फोन आया और नरेंद्र (मोदी) जी ने तुरंत आत्मसमर्पण कर दिया- इतिहास गवाह है। यही भाजपा-आरएसएस का चरित्र है, ये हमेशा झुकते हैं।

गांधी ने कहा, भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां 'सुपरपावर्स' से लड़ते हैं, कभी झुकते नहीं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वह भाजपा-आरएसएस के लोगों को अच्छी तरह से जानते हैं। उन्होंने कहा, यदि आप थोड़ा भी दबाव डालते हैं और उन्हें (भाजपा-आरएसएस) को थोड़ा सा धक्का देते हैं, ▶▶| शेष पेज 5 पर

*लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फोन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आत्मसमर्पण' कर दिया। उन्होंने कहा कि 1971 के युद्ध में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी नहीं झुकीं, जबकि अमेरिका ने अपना सातवां बेड़ा भेजा था। इधर, एक कार्यक्रम में सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने बताया कि कैसे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 48 घंटों तक लड़ने तक दम भरा, लेकिन भारतीय सशस्त्र बलों ने उसे आठ घंटों में ही घुटनों पर ला दिया।*





### जनरल चौहान बोले- भारत ने पाक को 'पारी से हराया'

*प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान पर भारत की निर्णायक जीत का वर्णन करने के लिए क्रिकेट की एक आकर्षक उपमा का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 'पारी से हरा' दिया। सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित 'भविष्य के युद्ध और संघर्ष' विषय पर अपना भाषण पूरा करने के बाद सीडीएस ने वहां उपस्थित विद्वानों के कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए। जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों पर बहुत सोच-समझकर सटीक हमले किए। कुछ हमलों की सटीकता तो दो मीटर से भी कम रही। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 48 घंटों तक लड़ने तक दम भरा, लेकिन भारतीय सशस्त्र बलों ने उसे आठ घंटों में ही घुटनों पर ला दिया।*

### एक नई लक्ष्मण रेखा खींच दी

जनरल अनिल चौहान ने कहा कि पाकिस्तान भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, लेकिन नयी दिल्ली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ पूरी तरह एक नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है।

### देश में विचारधारा की लड़ाई


राहुल गांधी ने कहा कि इन दिनों देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। पहली लड़ाई संविधान की है। इसमें एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो संविधान के साथ खड़ी हुई है। दूसरी लड़ाई सामाजिक न्याय की है। जाति जनगणना को लेकर सरकार का रवैया महिला आरक्षण की तरह ही है। जाति जनगणना को लेकर उन्होंने तेलंगाना का उदाहरण दिया। जाति जनगणना को लेकर जनता ने सर्वे के सवाल तय किए।

### इधर, पाक को बेनकाब कर लौटा डेलीगेशन

*दुनिया के कुछ देशों को 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी देकर 'ऑल पार्टी डेलिगेशन' का पहला जत्था मंगलवार को भारत लौट गया है। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अल्जीरिया, सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद दिल्ली पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई को प्रदर्शित करने के लिए प्रमुख साझेदार देशों का दौरा किया। दिल्ली पहुंचे भाजपा सांसद बैजयंत पांडा ने कहा, हमारी यह यात्रा बहुत सफल रही है। हम जिन चार देशों अल्जीरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन में गए थे, वे चारो देश आतंकवाद के खिलाफ कदम उठा चुके हैं।*

### बड़ी कार्रवाई

## अरपा-भैंसाझार परियोजना में मुआवजा घोटाला, तत्कालीन एसडीएम को किया सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

अरपा भैंसाझार परियोजना में की गई गड़बड़ियों के मामले में राज्य शासन ने बिलासपुर आरटीओ और कोटा के तात्कालीन एसडीएम आनंदरूप तिवारी को सस्पेंड कर दिया है। एसडीएम रहते श्री तिवारी ने योजना के तहत चकरभाठा, नहर निर्माण के लिए की गई भू-अर्जन की कार्रवाई में गफलत की थी। ▶▶| शेष पेज 5 पर

- वर्तमान में बिलासपुर आरटीओ के पद पर पदस्थ हैं तिवारी

### कलेक्टर की कमेटी ने की थी अनुशंसा

मामला सामने आने पर तत्कालीन कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने जांच की थी। तब तत्कालीन कोटा एसडीएम आनंद रूप तिवारी, कीर्तिमान सिंह राठौर, तत्कालीन नायब तहसीलदार मोहर साय सिदार, तत्कालीन राजस्व निरीक्षक राहुल सिंह, तत्कालीन पटवारी दिलशाद अहमद, मुकेश साहू के अलावा जल संसाधन विभाग के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता ▶▶| शेष पेज 5 पर

### एसीबी और ईओडब्ल्यू को सौंपा गई है जांच

गौरतलब है कि इस परियोजना में एक ही खसरा नंबर की भूमि का अलग-अलग रकबा दर्शाकर साढ़े तीन करोड़ रुपए का मुआवजा गलत तरीके से वितरित कर दिया गया। मामला प्रकाश में आने और प्रारंभिक जांच के बाद अब इस पूरे प्रकरण की गहन जांच का जिम्मा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) को सौंपा गया है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### प्रेम का प्रस्ताव ठुकराने पर वारदात

## टिकटॉक स्टार सना की हत्या मेहमान बनकर आया था आरोपी

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद



पाकिस्तान में एक 17 साल की टिकटॉक स्टार की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस वारदात के बाद सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया। राजधानी इस्लामाबाद के पॉश जी-13 सेक्टर में 17 साल की चर्चित टिक-टॉकर और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर कोई बाहर से नहीं, बल्कि 'घर का मेहमान' बताया जा रहा है, जिसने सना के अपने ही घर में उन्हें नजदीक से दो गोलियां मारी।

### कई बार किया था प्रपोज

इस्लामाबाद पुलिस के आईजी सैयद अली नासिर रिजवी ने कहा कि आरोपी 22 साल का लड़का है, जिसे फैसलाबाद से गिरफ्तार किया गया। वह रिश्तेदार बनकर सना के घर में घुसा था। पुलिस का कहना है कि हमलावर ने सना को कई बार प्रपोज किया था। हर बार उसने मना कर दिया। हमलावर मैट्रिक पास और बेरोजगार है और बेहद गरीब परिवार से आता है। आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली है।

### 9 विवि में नोडल अफसर तैनात, कुछ जगह कामकाज को लेकर थी शिकायत

## विवि में अब नहीं चलेगी मनमानी, पहली दफा सरकार ने बैठाए आब्जर्वर

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के 9 शासकीय विश्वविद्यालयों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। अब ये नोडल अधिकारी विवि के कार्यों की निगरानी करेंगे। इसके लिए आदेश भी जारी कर दिया गया है। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन होने के कारण इसके लिए ऑब्जर्वर नियुक्त नहीं किया गया है। शेष विवि जो उच्च शिक्षा विभाग के अधीन आते हैं, वहां नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विश्वविद्यालयों से समन्वय स्थापित करने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

नोडल अधिकारी प्रदेश के राजकीय विवि में प्राप्त पत्रों व छात्र-छात्राओं की समस्याओं का निराकरण, परीक्षा संबंधी कार्य, नई शिक्षा नीति से संबंधित समस्त कार्य, ▶▶| शेष पेज 5 पर

### विश्वविद्यालय प्रशासन में नाराजगी



### मनमानी के बाद फैसला

*उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 28 मई को टीएल अर्थात समय-सीमा बैठक आयोजित की गई थी। अंदरूनी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विश्वविद्यालयों से जानकारी मांगे जाने के बाद भी उनके द्वारा लेटलतीफी की जाती रही है। छात्रों से भी विभिन्न स्तर पर शिकायत प्राप्त होते रहे हैं। विवि में व्यवस्था बनाने और इन समस्याओं के निराकरण के लिए* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### जानिए... किस विवि की जिम्मेदारी किसकी?

- पं.रविशंकर शुक्ल विवि, रायपुर - डॉ.जीए घनश्याम (संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग)
- कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि, रायपुर- डॉ.पंकज कुमार मेहता (संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग)
- हेमचंद यादव विवि, दुर्ग- डॉ.बबीता दुबे (सहायक संचालक उच्च शिक्षा विभाग)
- अटल बिहारी बाजपेयी विवि, बिलासपुर - डॉ.गोवर्धन यदु (सहायक संचालक उच्च शिक्षा विभाग)
- इंदिरा कला संगीत विवि, खैरागढ़- डॉ.अनिल भतहरी (उप संचालक उच्च शिक्षा विभाग)
- संत गहिरा गुरु विवि, अंबिकापुर- डॉ.जीए घनश्याम (संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग)
- शहीद महेंद्रकर्मा विवि, बस्तर ▶▶| शेष पेज 5 पर

*भारत की नकल करते हुए पाकिस्तान ने दुनिया के सामने अपना पक्ष रखने के लिए आउटरिच मिशन को बाहर भेजना शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में पाकिस्तान का एक आउटरिच मिशन अमेरिका पहुंच गया है। खास बात यह है कि पाकिस्तान का ये मिशन ठीक उस समय अमेरिका में है जब ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का आउटरिच मिशन अमेरिका में है।*

# बिलावल यह नहीं बता पाए, मुनीर क्यों कहते हैं हिन्दू-मुस्लिम एक नहीं हो सकते

## मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी को बरगलाने लगे पाक नेता

## थरूर की अगुवाई में भारतीय प्रतिनिधिमंडल भी है यूएस में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय का संसदीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य सहनशीलता की नीति को उजागर करने और आतंकवादी समूहों को पाकिस्तान के समर्थन को उजागर करने के लिए अमेरिका का दौरा कर रहा है। पाकिस्तान के आउटरिच मिशन की अगुआई बड़बोले नेता बिलावल भुट्टो कर रहे हैं। पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल में 3 विदेश मंत्री शामिल हैं। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के निर्देश पर ये उच्चस्तरीय बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल न्यूयॉर्क, वाशिंगटन डीसी, लंदन और ब्रुसेल्स का दौरा करेगा। पाकिस्तान ने यह कदम भारत द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अपने कूटनीतिक प्रयासों के तहत 33 देशों की राजधानियों में सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के बाद उठाया गया है।



**इनसे करेगा मुलाकात**

*अमेरिका जाने वाले पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में फेडरल मंत्री मुसादिक मलिक, पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार और खुर्रम दस्तगीर खान, पूर्व मंत्री सैयद फैसल अली सुब्जवारी और शेरी रहमान, सीनेटर बुशरा अंजुम बट शामिल हैं। इसमें दो पूर्व विदेश सचिव - जलील अब्बास जिलानी और तहमीना जंजुआ भी शामिल हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र महासचिव, संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष, 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 14 देशों के राजदूतों, जिनमें चीनी और रूसी संयुक्त राष्ट्र दूत भी शामिल हैं, से मुलाकात करेगा।*

**बिलावल की भारत के खिलाफ प्रोपेगैंडा फैलाने की कोशिश**

न्यूयॉर्क में बिलावल भुट्टो ने अपने स्टाइल में भारत के खिलाफ खूब प्रोपगैंडा फैलाने की कोशिश की। बिलावल भुट्टो ने ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कंट्रीज (ओआईसी) के प्रतिनिधियों से बात करते हुए इस्लामिक कार्ड खेलने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'मैं ओआईसी के सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से अनुरोध करता हूं कि भारत के साथ आपके संबंध हमारे से बेहतर हैं। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने धमकी भरे अंदाज में कहा कि अगर भारत-पाकिस्तान आतंकवाद पर बात नहीं करते हैं तो वे लिखकर दे सकते हैं कि इस उपमहाद्वीप में आतंकवाद बढ़ता रहेगा। एक अलग पोस्ट में भुट्टो ने कहा कि साझा जल संसाधनों पर कोई भी आक्रमण न केवल पाकिस्तान की संप्रभुता को बल्कि वैश्विक स्थिरता को भी चुनौती देता है। लेकिन बिलावल यह नहीं बता पाए कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर क्यों कहते हैं कि हिन्दू-मुस्लिम एक नहीं हो सकते। गौरतलब है कि आसिम मुनीर के इस बयान के बाद ही पहलगाम में निर्दोष सैलानियों पर हमला हुआ था और आतंकियों ने धर्म पूछकर 26 लोगों की जान ली थी।

### पाक प्रतिनिधिमंडल पर यह कहा थरूर ने

*वहीं अमेरिका में पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल के चीफ शशि थरूर ने कहा कि वाशिंगटन में हम पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के मौजूद होने की दिलचस्प घटना देखेंगे, और लगभग बिल्कुल वही दिन... कल वे लगभग वाशिंगटन में होंगे, जबकि हम उसी तारीख को वाशिंगटन में होंगे। इसलिए शायद दिलचस्पी बढ़ेगी क्योंकि एक ही शहर में दो प्रतिस्पर्धी प्रतिनिधिमंडल हैं।' पाकिस्तान के आउटरीच प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए थरूर ने कहा, 'यह कोई संयोग नहीं है कि पाकिस्तानियों ने भी विदेश में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा है, लेकिन वे उतने देशों में नहीं जा रहे हैं, जितने भारतीय प्रतिनिधिमंडल जा रहे हैं। हम उन सभी राजधानियों और उससे भी ज़्यादा जगहों पर गए हैं।' थरूर ने कहा कि अमेरिकी मीडिया एक मुश्किल जगह है, लेकिन जो लोग आतंकवाद के खिलाफ हैं और दक्षिण पूर्व एशिया की गहरी चिंता करते हैं और आतंकवाद के खिलाफ हैं, वे भारत की बात सुनेंगे।'*

## खबर संक्षेप

### हरिद्वार जमीन घोटाला दो कलेक्टर, एसडीएम समेत 12 अफसर सस्पेंड

**हरिद्वार।** हरिद्वार जमीन घोटाले में उत्तराखंड की धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है।



इस मामले में दो आईएस और एक पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में डीएम, एसडीएम और पूर्व नगर आयुक्त पर भी गाज गिरी। अब विजिलेन्स जमीन घोटाले की जांच करेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से यह जानकारी दी गई। निलंबित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की जाएगी।

### स्वर्ण मंदिर को 'नो-वॉर जोन' घोषित करने की मांग


**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और गुरदासपुर सांसद



सुखजिंदर सिंह रंधावा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखते हुए अनुरोध किया है कि पवित्र स्वर्ण मंदिर (श्री हरमंदिर साहिब) को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'नो-वॉर ज़ोन' घोषित किया जाए। उन्होंने इसे महज एक राजनीतिक मांग नहीं, बल्कि पूरी मानवता की सुरक्षा और शांति के प्रतीक की रक्षा के रूप में प्रस्तुत किया है। रंधावा ने अपने पत्र में लिखा है कि श्री हरमंदिर साहिब केवल एक भौगोलिक स्थान नहीं, बल्कि सिख धर्म की आत्मा है।

### अग्निवीरों को पुलिस पीएसी भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों को पुलिस व



पीएसी की भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेगी। इन्हें आरक्षी, आरक्षी पीएसी, आरक्षी घुड़सवार व फायरमैन की भर्ती में 20 प्रतिशत पदों पर पूर्व अग्निवीरों की भर्ती होगी। कैबिनेट ने पूर्व अग्निवीरों को समायोजित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### भारत में रहकर पाकिस्तान के लिए कर रहे थे मुखबिरी

# सरकारी तंत्र में 'घुसे' पाक के जासूसों पर शिकंजा राजस्थान, कश्मीर सहित पंजाब में बड़ा एक्शन

*जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले और उसके बाद सीमापार के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई के बाद सरकार को कई ऐसे लोगों के बारे में जानकारी मिली है, जो भारत में रहकर पाकिस्तान के लिए मुखबिरी करते हैं। सुरक्षा एजेंसियां व राज्य सरकारें इसे लेकर बड़ी कार्रवाई की है। राजस्थान के जैसलमेर में जहां रोजगार कार्यालय का अफसर तो पंजाब में एक व्यक्ति जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हुआ है वहीं, जम्मू-कश्मीर में तीन सरकारी कर्मचारी बर्खास्त किए गए हैं।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने आतंकवाद से कथित संबंधों के चलते तीन सरकारी कर्मचारियों को मंगलवार को बर्खास्त कर दिया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर ये कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(C) के तहत की गई, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर बिना जांच के नौकरी से निकाला जा सकता है। बर्खास्त किए गए कर्मचारी पहले से ही जेल में हैं। इनमें शामिल हैं- पुलिस कांस्टेबल मलिक इश्फाक नसीर, स्कूल

**राजस्थान में एक तो, जम्मू-कश्मीर में पकड़े गए तीन सरकारी अफसर**




शिक्षक एजाज अहमद और सरकारी मेडिकल कॉलेज में जूनियर सहायक वसीम अहमद खान। अधिकारियों के अनुसार, तीनों आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन से जुड़े थे और आतंकियों को मदद पहुंचा रहे थे। पुलिस कांस्टेबल मलिक इश्फाक पर आरोप है कि उसने हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप की जानकारी पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के साथ साझा की। उसका भाई खुद भी पाकिस्तान में ट्रेनिंग ले चुका लश्कर का आतंकी था, जो 2018 में मारा गया था। शिक्षक एजाज अहमद को नवंबर 2023 में हथियार और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन की प्रचार सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया था। जांच में सामने आया कि वह वर्षों से इस आतंकी संगठन की मदद कर रहा था।

### ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी साझा कर रहा था गगन

तरनतारन। पंजाब के तरनतारन जिले के रहने वाले एक व्यक्ति को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा कर रहा था। पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है,



जिसमें ऐसी जानकारी थी, जिसे उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों (पीआईओ) के साथ साझा किया था। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि काउंटर-इंटेलिजेंस-पंजाब से मिली सूचना के आधार पर तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में गगनदीप सिंह उर्फ गगन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान आईएसआई और गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था। जांच में पता चला है कि वह सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों सहित वर्गीकृत विवरण साझा करने में लगा हुआ था, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता था।

### जैसलमेर में रोजगार कार्यालय का अफसर जासूसी के आरोप में गिरफ्तार



राजस्थान के जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी शकुर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। राजस्थान इंटेलिजेंस की टीम ने उसे जयपुर में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। सीआईडी सुरक्षा के महानिरीक्षक विष्णु कांत गुप्ता ने बताया कि शकुर खान की गतिविधियां पिछले कुछ समय से संदिग्ध पाई जा रही थीं। उस पर नजर रखी जा रही थी। जांच में सामने आया कि वह पाकिस्तान दूतावास में काम कर चुके कुछ लोगों, खासकर अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश और सोहेल कमर के संपर्क में था। इनमें से दानिश को भारत सरकार ने पहले ही अवांछित व्यक्ति घोषित कर देश से निकाला था। पूछताछ में पता चला कि शकुर खान ने कई बार पाकिस्तान की यात्रा की और वहां आईएसआई एजेंटों से मिला।

### ऑपरेशन सिंदूर पर संसद के विशेष सत्र की मांग

# 16 राजनीतिक पार्टियों की प्रधानमंत्री मोदी को चिट्ठी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए इंडिया ब्लॉक की मंगलवार को बैठक हुई। इस बैठक में 16 विपक्षी पार्टियों ने हिस्सा लिया। इन दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। इस संबंध में इन पार्टियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इन राजनीतिक दलों में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे), राष्ट्रीय जनता दल , नेशनल कांग्रेस (एनसी), सीपीआईएम, आईयूएमएल, सीपीआई, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके), केरल कांग्रेस, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) और सीपीआई (एमएल) शामिल हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी इस संबंध में अलग से पीएम मोदी को पत्र लिखेगी। इस बीच दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि 16 राजनीतिक दलों ने पीएम मोदी से मांग की है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में कांग्रेस और विपक्षी दलों ने सेना और सरकार का खुलकर समर्थन किया था। सीजफायर के ऐलान के बाद हमने संसद के विशेष सत्र की मांग

**खास बातें**

- 'पूरी दुनिया को ब्रीफ कर रहे लेकिन संसद को नहीं दे रहे जानकारी'

**एनएमडीसी स्टील लिमिटेड**
(भारत सरकार का उघम)
एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट
पोस्ट–नगरनार (बस्तर) छ.ग. पिन–494001
(CIN : U27310CT2015GOI001618)

**एनएसएल, नगरनार से एमओयू के तहत स्टील ग्रेड पिग आयरन की बिक्री के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

एनएसएल जून 2025 से मार्च 2026 तक की अवधि के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से दीर्घकालिक आधार पर "जैसा है जहां है और कोई शिकायत नहीं" आधार पर स्टील ग्रेड पिग आयरन की बिक्री के लिए सभी इच्छुक पार्टियों से आवेदन आमंत्रित करता है। इच्छुक पार्टियां एनएसएल, नगरनार के साथ सड़क मार्ग से प्रतिमाह 500 एमटी और पिग आयरन के रैक द्वारा 4000 एमटी (एक रैक लोड आधार पर) न्यूनतम मात्रा के लिए समझौता ज्ञापन में शामिल होने के लिए अपना अनुरोध अपने लेटरहैड पर उस मात्रा के साथ भेज सकते हैं जिसे वे एनएसएल से समझौता ज्ञापन के तहत लेने के इच्छुक हैं। ऐसे इच्छुक खरीदार कंपनी के लेटरहैड पर अपना अनुरोध जीएम (वाणिज्यिक), एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार, जिलाः बस्तर, छत्तीसगढ़–494001 को भेज सकते हैं या प्रस्ताव ईमेल के माध्यम से: श्री सतीश कुमार, जीएम (वाणिज्यिक) ईमेलः satishkumar@nmdc.co.in के माध्यम से भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 16.06.2025 है। विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए इच्छुक पार्टियां को सलाह दी जाती है कि वे हमारी वेबसाइटः https://nmdcsteel.nmdc.co.in को देखें।

जीएम (वाणिज्यिक)
एनएमडीसी स्टील लिमिटेड

# क्रीमिया ब्रिज पर 1100 किलो अंडरवाटर विस्फोटक लगाकर किया धमाका

### यूक्रेन ने रूस को फिर ललकारा, पहुंचाया बड़ा नुकसान

एजेंसी ▶▶| कीव

यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने मंगलवार को एक अनोखी और बड़े ऑपरेशन के तहत क्रीमियन ब्रिज पर तीसरी बार हमला किया है। इस बार उन्होंने पुल के जलमग्न आधार यानी अंडरवॉटर सपोर्ट्स पर विस्फोटक लगाकर विस्फोट किया, जिससे पुल को गंभीर नुकसान पहुंचाने का दावा किया जा रहा है। एसबीयू के ने बताया कि इस ऑपरेशन में 1,100 किलोग्राम टीएनटी विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया है। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार सुबह



4:44 बजे विस्फोट हुआ. एसबीयू ने बताया कि इस खास ऑपरेशन में उन्होंने महीनों की मेहनत लगाई. यह हमला क्रीमियन ब्रिज के जलमग्न पोल को निशाना बनाकर पुल के आधार को कमजोर करने की रणनीति का हिस्सा था। रूस की तरफ से फिलहाल इस दावे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### केर्च ब्रिज के नाम से मशहूर है क्रीमिया ब्रिज

क्रीमियन ब्रिज, जिसे केर्च ब्रिज भी कहा जाता है, रूस और क्रीमिया को जोड़ने वाला एक अहम रोड एंड रेल ब्रिज है। यह 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया के कब्जे के बाद बनाया गया था और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक अहम प्रोजेक्ट माना जाता है। यह ब्रिज रूस के लिए कई मायनो में अहम है। युद्ध के दौरान भी इस ब्रिज के जरिए रूस ने भारी मात्रा में हथियार और सेना यूक्रेन में सप्लाई किया है।

**गगनयात्री शुभांशु शुक्ला करने वाले हैं कई कारनामे**

## अंतरिक्ष में बीज उगाने जैसे 7 तरह के होंगे प्रयोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के गगनयात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के आगामी मिशन को



लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट में बताया गया कि वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण से जुड़े प्रयोग करेंगे। इसरो के आधिकारिक बयान के अनुसार, 7 माइक्रोग्रैविटी प्रयोगों का चयन किया गया है। ये विभिन्न राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक संस्थानों के भारतीय शोधकर्ताओं की ओर से प्रस्तावित किए गए हैं।

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड**
सेल SAIL
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला - दुर्ग, छत्तीसगढ़, इंडिया, 490001
Great Place To Work. Certified

**सूचना : एससी/एसटी स्वामित्व वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग में विक्रेता पंजीकरण अभियान**

संदर्भः सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सार्वजनिक खरीद नीति, आदेश 2012

उपरोक्त नीति के अनुरुप, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा एससी/एसटी के स्वामित्व वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (केवल निर्माता) के पंजीकरण हेतु एक विक्रेता पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जो उद्यम एमएसएमई अधिनियम के अंतर्गत लागू प्रावधानों के अनुसार एससी/एसटी के स्वामित्व वाले एमएसई के रूप में अहर्ता प्राप्त करते हैं, उनसे अनुरोध है कि नीचे दिए गए प्रारूप में एक घोषणा पत्र एवं संबंधित सहायक दस्तावेज निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत करें:

महाप्रबंधक (एमपीआरडी, वीडीसी एवं क्यूजीए)
कमरा नंबर 477, चौथी मंजिल,
इस्पात भवन, भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई- 490001 (छत्तीसगढ़)
ईमेलः vendorcell.bsp@sail.in

**एससी/एसटी एमएसई घोषणा प्रारूप**

विक्रेता का नामः मेसर्स
पताः
ईमेल आईडीः
संपर्क नंबरः
उद्यम (UDYAM) संख्याः
एससी/एसटी स्वामित्व प्रमाणपत्रः
वस्तु/उत्पाद निर्माताः
(राज्य / केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी वैध प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करें)

**घोषणा पत्र**

हम यहां यह घोषणा करते हैं कि उपरोक्त प्रदान की गई जानकारी हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है। हमें यह ज्ञात है कि किसी भी प्रकार की गलत घोषणा हमें सार्वजनिक खरीद नीति के अंतर्गत मिलने वाले लाभों से वंचित कर सकती है।

हस्ताक्षरः
नामः
पदनामः
तिथिः
कंपनी की मुहरः

विज्ञापन.क्र.-बीएसपी-02/25-26/दिनांक 03/06/2025

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003
Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454, Website : www.sail.co.in
हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव जिला - कोण्डागांव (छ.ग.)**
(Phone no. 07786 - 296071, Email id - eekon-phe-cg@gov.in)

**ई-प्रोक्यूरमेंट तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

**कार्य का नाम :-** जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में रेट्रोफिटिंग / एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना कार्य ।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत ( रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 02/29.05.2025 | 169575 | कोहकाड़ी एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 29.24 |
| 02 | 03/29.05.2025 | 169577 | आदनबेड़ा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 17.35 |
| 03 | 04/29.05.2025 | 169581 | रावबेड़ा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 21.83 |
| 04 | 05/29.05.2025 | 169590 | प्रधानचेर्रा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 31.64 |
| 05 | 06/29.05.2025 | 169592 | जरण्डी एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 21.06 |
| 06 | 07/29.05.2025 | 169600 | सिवनीपाल एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 33.03 |
| 07 | 08/29.05.2025 | 169610 | कोपरा रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | 57.50 |
| 08 | 09/29.05.2025 | 169611 | हात्मा रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | 64.00 |
| 09 | 10/29.05.2025 | 169620 | पारोण्ड रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | 62.89 |
| 10 | 11/29.05.2025 | 169614 | हरवेल रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | 58.71 |

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट बेव पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in पर तथा विभागीय बेवसाईट http://phedcegprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 18.06.2025 है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**कोण्डागांव (छ.ग.)**

G-252601339/2

# जयपुर के मूर्तिकारों ने 100 साल पुराने सफेद संगमरमर से बनाया है 'राम दरबार'

## अयोध्या में तीन जून से राम मंदिर का दूसरा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह शुरु

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजधानी जयपुर के मूर्तिकार परिवार की ओर से तैयार राम दरबार की अध्योध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित की जाएगा। आज 3 जून से अयोध्या में राम मंदिर की



प्राण प्रतिष्ठा का दूसरा चरण शुरू गया है। इसमें राम दरबार सहित परकोटे के छह मंदिर शिवलिंग और आठ मंदिरों में देव विग्रहों की प्रतिष्ठा होगी। प्रथम तल पर राम दरबार सजाया जाएगा। करीब 100 साल पुराने सफेद संगमरमर के पत्थर से जयपुर के मूर्तिकार पांडे परिवार ने इस राम दरबार को तैयार किया है। इसमें भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण जी, भरतजी, शत्रुघ्न जी और हनुमान जी की मूर्ति बनाई गई है। ये सभी मूर्तियां राम दरबार के साथ प्रतिष्ठित की जाएंगी। जयपुर में बनी ये प्रतिमाएं 21 मई को सुरक्षा के बीच अयोध्या रवाना की गई थीं। अब 3 से 5 जून तक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

### स्वप्न में भगवान राम ने दिए थे दर्शन

करीब 4 पीढ़ियों से मूर्ति बनाने का काम कर रहे पांडे परिवार के राम दरबार बनाने की कहानी भी बड़ी रोचक है। परिवार के सदस्य रामेश्वरलाल पांडे को स्वप्न में भगवान राम ने दर्शन दिए थे। तब से राम दरबार बनाने की परंपरा इनके यहां शुरू हुई। पांडे परिवार के प्रशांत और सत्यनारायण ने कुल 19 मूर्तियों को अध्योध्या के लिए तैयार किया है। इन मूर्तियों में प्रवेश द्वार के लिए हाथी-शेर, गणेशजी, सप्तऋषि, शबरी, निषादराज और अहिल्या की प्रतिमाएं शामिल हैं। मुख्य राम मंदिर में रामलला के बाल रूप के लिए भी देश भर से तीन प्रतिमाओं को चयन किया गया था, उनमें से एक जयपुर के पांडे परिवार ने ही तैयार की थी।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर**

**सूचना**

जारी दिनांक 02/06/2025

प्रति,
(1) नीरज चोपड़ा पिता लालचंद चोपड़ा निवासी जगदलपुर (2) भगवान दास रावलानी पिता रामचंद निवासी देवेन्द्र नगर, रायपुर (3) परमजीत सिंग होरा पिता जसबीर सिंग होरा, श्याम नगर, रायपुर मो. 9174790009 (4) साधना कुमारी पति पंकज कुमार देव निवासी गायत्री नगर, रायपुर (5) टीना लखीसरानी पति विनोद लखीसरानी निवासी विशाल नगर, रायपुर मो. 9329410002 (6) सनसाईन डेव्हलपर्स द्वारा भागीदार गुरप्रीत सिंग पिता सुरजीत सिंग भाटिया निवासी शंकर नगर, रायपुर मो. 9826745000

**विषय :-** आवेदक नीरज चोपड़ा पिता लालचंद चोपड़ा वो बी.के. चांवला पिता सत्यपाल चांवला निवासी जगदलपुर द्वारा भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 492/1, 492/3, 492/8, 493/3 रकबा क्रमशः 0. 0970 हे., 0.0970 हे., 0.0540 हे., 0.0530 हे. कुल खसरा नं. 04, कुल रकबा 0.3010 हे. प.ह.नं. 76 के सीमांकन/ बटांकन के संबंध में ।

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के सीमांकन/बटांकन आवेदन जो कि आवेदक नीरज चोपड़ा वगैरह पिता लालचंद चोपड़ा द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 28.01.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 06.06.2025 के समय दोपहर 12.00 बजे किया जाना नियत है।

अतः आप उक्त आवेदित भूमि के बटांकनधारी भूमि स्वामी है। आपकी भूमि आवेदक की भूमि से लगी हुई है। अतएव आप सीमांकन/बटांकन स्थल पर उपर उल्लेखित दिनांक एवं समय पर अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवे और दस्तावेज के अनुरूप दावा अपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत करे। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है नियत तिथि को सीमांकन/बटांकन पश्चात हमारे द्वारा किसी प्रकार की दावा / आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही है।

सो सूचना जानें।

**रा.नि.मं. रायपुर 20**
**तहसील-रायपुर**

रायपुर, बुधवार 4 जून 2025 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी | वर्ष : 23, अंक : 317 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

प्रस्ताव भेजा गया, मंजूरी आते तक खुल जाएंगे स्कूल, जाहिर है, खतरे के बीच पढ़ेंगे बच्चे

1957 में बना प्राथमिक शाला का एक जर्जर भवन है, जो अब खंडहर में तब्दील हो चुका




राजनांदगांव जिला



# 500 से ज्यादा स्कूल भवनों को चाहिए मरम्मत

## 20 को जमींदोज करना भी जरूरी, पर अभी तक मंजूरी नहीं

हफीज खान ▶▶| राजनांदगांव

खास खबर

बारिश पूर्व शासकीय स्कूलों के जीर्णोद्धार और स्कूल परिसर में मौजूद जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने ध्यान नहीं दिए जाने के चलते ये भवन विद्यार्थियों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। जिलेभर में सैकड़ों ऐसे स्कूल के भवन हैं, जिनकी हालत जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है। ऐसे स्कूल भवनों को मरम्मत की दरकार है। वहीं स्कूल परिसर में नया भवन बनने के बाद भी पुराने जर्जर भवन को तोड़े नहीं जाने से भी स्कूली विद्यार्थियों पर खतरा ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 531 भवनों को मरम्मत की दरकार

राजनांदगांव जिले में जर्जर स्कूल की बात की जाए तो डोंगरगढ़ विकासखंड क्षेत्र में 150, राजनांदगांव विकासखंड क्षेत्र में 22, डोंगरगांव विकासखंड क्षेत्र में 79 और सर्वाधिक वनांचल क्षेत्र छुरिया विकासखंड में 280 स्कूल भवन ऐसे हैं, जिन्हें मरम्मत की दरकार है। इनमें प्राथमिक शाला की संख्या अधिक है, वहीं मरम्मत के लिए माध्यमिक शाला और हाई स्कूल के भवन शामिल हैं।



### खंडहर हो गए हैं भवन

*जिले में लगभग 20 ऐसे स्कूल भवन हैं, जो पूरी तरह से जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। हालांकि इन खंडहर में फिलहाल बच्चों की पढ़ाई नहीं हो रही है, लेकिन स्कूल मैदान में जर्जर भवन होने से खतरा बना हुआ है। विकासखंड वार देखा जाए तो डोंगरगढ़ क्षेत्र में 4, राजनांदगांव विकासखंड में 8, डोंगरगांव विकासखंड में 3 और छुरिया विकासखंड में 5 जर्जर भवन हैं, जिसे डिस्मेंटल करने की आवश्यकता है।*

### शिक्षा विभाग ने मरम्मत के लिए भेजा पत्र

*जर्जर भवनों की मरम्मत को लेकर शिक्षा विभाग ने लोक शिक्षण संचालनालय को बीते मई माह में एक पत्र लिखकर जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार और डिस्मेंटल किए जाने योग्य भावनाओं की सूची भेजी है। जिस पर अब तक स्वीकृत नहीं मिली है।*

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण का विरोध, 34 शिक्षकों ने दायर की याचिका

**बिलासपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग में चल रहे युक्तियुक्तकरण को लेकर हाईकोर्ट में छत्तीसगढ़ विद्यालयीन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष समेत 34 शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें शासन के युक्तियुक्तकरण में हो रहे नियमों के उल्लंघन को चुनौती दी गई है। प्रदेश में स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर 2 अगस्त 2024 में आदेश जारी हुआ तो इसका शिक्षकों ने काफी विरोध किया।

### लद्दाख में स्थानीय को नौकरियों में 85 फीसदी आरक्षण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित किए हैं। इसके तहत स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में 85 फीसदी आरक्षण दिए जाएंगे। इसके अलावा लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों की कुल सीटों में से एक तिहाई सीट महिलाओं के लिए भी आरक्षण का प्रावधान किया गया है।



### दम घुटने से चार मजदूरों की गई जान

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नबरंगपुर जिले में सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय कथित तौर पर दम घुटने से कम से कम चार मजदूरों की मौत हो गई। यह घटना नबरंगपुर टाउन थाना क्षेत्र के अंतर्गत नंदहांडी प्रखंड के पदलगुडा गांव में हुई। पहले दो व्यक्ति टैंक में उतरे, लेकिन कुछ देर बाद उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला।

### 40 लाख की ब्राउन शुगर जब्त, चार गिरफ्तार

**भुवनेश्वर/बालासोर।** ओडिशा के बालासोर और खोर्धा जिलों में छापेमारी के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास 40 लाख रुपए की 'ब्राउन शुगर' जब्त की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस और आबकारी अधिकारियों ने छापेमारी की और 145 ग्राम 'ब्राउन शुगर' जब्त की।

## अभी नहीं टलेगा संकट, अगले दो दिनों तक भारी बारिश का अनुमान

# आसमान से बरस रही आफत पूर्वोत्तर में लाखों प्रभावित

*असम में स्थिति गंभीर, 5.35 लाख से अधिक प्रभावित, प्रधानमंत्री ने सीएम से की बात*

*मिजोरम में पांच की मौत, आइजोल में चौथे दिन भी बंद रहे स्कूल*

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। शर्मा दिन में कछार जिले का दौरा करेंगे, जो मौजूदा बाढ़ से राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), गुवाहाटी ने मंगलवार के लिए चार जिलों धुबरी, दक्षिण सलमारा मानकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। 'ऑरेंज अलर्ट' का मतलब है 'कार्रवाई के लिए तैयार रहें' और यह तब जारी किया जाता है जब अलग-अलग स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा के साथ आंधी और बिजली गिरने तथा भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना होती है। राज्य के 11 जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। 'येलो अलर्ट' का मतलब है 'नजर रखें/जानकारी लेते रहें'। यह तब जारी किया जाता है जब अलग-अलग स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा के साथ आंधी और बिजली गिरने की आशंका रहती ▶▶|शेष पेज 5 पर



*जून का पहले सप्ताह में देश के अधिकतर इलाकों में आसमान से आफत बरस रही है। पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश का कारण वहां बाढ़ और लैंडस्लाइड की स्थिति हो गई है। बाढ़ और बारिश के कारण वहां लाखों लोग प्रभावित हो गए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि पूर्वोत्तर भारत में अगले दो दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।*

### खतरे के स्तर से ऊपर बह रही कई नदियां

आंकड़ों के अनुसार, ब्रह्मपुत्र, बराक और कोपिली नदियां कई स्थानों पर खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं, जबकि सुबनसिरी, बूढ़ी दिहिंग, धनसिरी, रुकनी, धलेश्वरी, कटाखल और कुशियारा सहित अन्य नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

**लापता जवानों की तलाश :** छातेन में सेना के एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हुए छह सैनिकों की तलाश के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के 23 कर्मियों का एक दल नार्थ सिक्किम के छातेन भेजा गया। एनडीआरएफ का दल सैटेलाइट फोन और आवश्यक आपातकालीन उपकरणों से लैस है। एनडीआरएफ की टीम को लेकर एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को पाकयोंग हवाई अड्डे से छातेन के लिए रवाना हुआ। छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और छह सैनिक लापता हो गए।

### मिजोरम में ढह गए 152 मकान

मिजोरम में पिछले दस दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अन्य घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। आंकड़ों के अनुसार भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण मकान और दीवारें ढहने से



चंफाई जिले में तीन और आइजोल तथा सेरछिप जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के कई स्थानों पर भूस्खलन की 552 घटनाएं हुईं, जबकि इसी अवधि के दौरान बारिश के कारण 152 मकान ढह गए। इसमें कहा गया है कि भूस्खलन या दरारों के कारण 198 परिवारों ने अपने घर छोड़ दिए हैं और 92 अन्य ने बाढ़ के कारण अपने घर खाली कर दिए हैं।

# छावनी में 12 साल से निवास कर रहे थे दो बांग्लादेशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फर्जी नाम से निवास कर रहे दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को पुलिस ने पकड़ा। वे 12 साल से कूटरचित दस्तावेज के जरिए छावनी भिलाई में निवास कर रहे थे। आरोपियों के विरुद्ध 318(4), 319(2), 336(3), 3(5), 61 बीएनएस धारा 2023, विदेशी नागरिक विषयक अधिनियम 1986, भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1967 एवं पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि मोहम्मद अली शेख और शेख के दक्षिण 24 परगना का निवासी बताकर फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पहचान छिपाकर छावनी क्षेत्र में निवास करते थे। पुलिस ने घुपैठियों को पकड़ने एसटीएफ का गठन कर जांच में लिया है। जिले में अब तक 7 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज नाम पता के ▶▶|शेष पेज 5 पर

■ फर्जी दस्तावेज से छिपाई थी पहचान

### फर्जी दस्तावेज के सहारे पहुंचे भारत

अवैध घुसपैठियों की पहचान होने पर कैम्प-02 अमन लकड़ी टाल के पास किराये के मकान में बांग्लादेशी पुरुष और महिला अपनी मूल पहचान छिपाकर निवासरत थे। छावनी पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम बुधाखली गोलाबारी, जिला दक्षिण 24 परगना प.बंगाल निवासी मोहम्मद अली शेख और संदेशखली, गोलाबारी जिला दक्षिण 24 परगना पश्चिम बंगाल महिला शेख होना बताया है। दोनों के पास से पुलिस ने दस्तावेज, मोबाइल डाटा का जांच की गई। उसमें से मोहम्मद अली शेख का वास्तविक नाम ग्राम राजबाड़िया पोस्ट हरिदापोटा, झिकारगाछा, जिला ▶▶|शेष पेज 5 पर

हाईकोर्ट ने अभिनेता को लगाई फटकार

# आप होंगे कमल हासन, लेकिन किसी की भावनाओं को आहत करने का अधिकार नहीं

**बेंगलुरु।** कन्नड़ भाषा को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर कमल हासन विवादों में घिर गए हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेता और निर्माता कमल हासन की उस टिप्पणी के लिए मंगलवार को उनकी कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ है'।



### माफी मांगने से इंकार

एक्टर हासन ने अपने बयान में कहा था कि कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ है। उनके इसी बयान के बाद कर्नाटक सरकार ने फिल्म ठग लाइफ की रिलीज पर रोक लगा दी। इसके खिलाफ हासन ने हाई कोर्ट का रुख किया लेकिन अदालत ने भी इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है।

# 18 से अधिक म्यूल अकाउंट खोलकर साइबर ठगी, सहयोगी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कवर्धा पुलिस ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो खुद के नाम से 16 बैंक खाते और अपने माता पिता के नाम पर दो खाते खोलकर उन्हें ठगों को किराए पर देता ▶▶|शेष पेज 5 पर

■ कवर्धा पुलिस के शिकंजे में आरोपी



### पैसों के लालच में साइबर ठगी

प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि आरोपी ने पैसों के लालच में सुनियोजित ढंग से साइबर अपराधियों के साथ मिलकर अपने खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए किया है। इस आधार पर पुलिस चौकी पोड़ी में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(4), 318(2) एवं 61(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### देश में आरोपी के खिलाफ अलग-अलग आठ मामले दर्ज


पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपी मोहन जायसवाल के खिलाफ कवर्धा थाना सहित पूरे देश में करीब 8 मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी का एक ही बैंक में चार खाता है। इस संबंध में भी विवेचना होगी। आरोपी ने कुछ लोगों के नाम बताएं हैं, अगर उनके खातों का उपयोग ▶▶|शेष पेज 5 पर

केंद्र सरकार नया फरमान

# केंद्र के अस्पतालों में डॉक्टरों से नहीं मिल पाएंगे एमआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार के अस्पतालों में मरीजों के हितों की रक्षा और नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के चिकित्सकों से मिलने पर रोक लगा दी गई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने सभी केंद्र सरकार अस्पतालों को निर्देश दिया कि वे अस्पताल परिसर में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को प्रवेश न दें। यह अस्पताल परिसर में एमआर के प्रवेश को अनुमति न देने के संबंध में पहले दिए गए निर्देशों के संदर्भ में है।



### इसलिए लगाया बैन

निर्देश के मुताबिक, इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया जाता है और कार्रवाई की रिपोर्ट निदेशालय को दी जाएगी। इस कदम का उद्देश्य मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को अस्पताल परिसरों के अंदर चिकित्सकों को उनकी कंपनियों द्वारा प्रचारित दवाओं को लिखने के लिए अनुचित रूप से प्रभावित करने से रोकना है।

तख्तापलट की कोशिश के बाद बड़ा उलटफेर

# साउथ कोरिया के नए राष्ट्रपति होंगे ली जे-म्यूंग, जीता चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया में 3 जून 2025 को हुए विशेष राष्ट्रपति चुनाव में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे-म्युंग ने बड़ी जीत हासिल की है। अब तक 85% से अधिक मतगणना हो चुकी है। ली को अपने अपोनेंट किम मून-सू के खिलाफ स्पष्ट जीत मिली है। कंजर्वेटिव नेता किम मून-सू ने अपनी हार भी स्वीकार कर ली है।

यह चुनाव उस असाधारण राजनीतिक संकट के बाद हुआ है, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को दिसंबर 2024 में मार्शल लॉ लगाने की कोशिश की थी, जिन्हें बाद में महाभियोग का सामना करना पड़ा था।



### संसद में महाभियोग लाकर यून को हटाया गया

यून के इस फैसले के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन और राजनीतिक भूचाल आया था। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी, जिसकी अगुवाई ली जे-म्युंग कर रहे थे, उसने संसद में महाभियोग प्रस्ताव पारित कराया, और राष्ट्रपति को पद से हटाया। अप्रैल 2025 में संवैधानिक न्यायालय ने यून को औपचारिक रूप से पद से हटा दिया, जिसके बाद उनके खिलाफ देशद्रोह और सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों में आपराधिक मुकदमे शुरू हुए।

### चुनाव में हुआ बंपर मतदान

चुनाव में लगभग 80% मतदान हुआ, जो 1997 के बाद का सबसे ज्यादा रहा। इससे यह साफ जाहिर होता है कि जनता राजनीतिक परिवर्तन को लेकर कितनी जागरूक और उत्साहित थी। ली जे-म्युंग ने वादा किया है कि वे देश में एकता, आर्थिक पुनरुद्धार और उत्तर कोरिया के साथ शांति स्थापित करने पर ध्यान देंगे।

## सिरपुर के बाद छत्तीसगढ़ का दूसरा बौद्ध स्थल बनेगा भोंगापाल

# कलिंगा जीतने के बाद भोंगापाल आए थे सम्राट अशोक

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

बस्तर में जगह-जगह पुरातात्विक और रियासतकालीन अवशेष बिखरे पड़े हैं, जिसे सहेजने और संवारने की जरूरत है। कोंडागांव जिले के केशकाल क्षेत्र में ऐसा एक गांव है भोंगापाल। जहां दो हजार साल पहले छिंदक नागवंशी जमाने में यह समृद्धशाली राज्य था। जहां बुद्ध और शिव की मूर्ति मिली है, इससे साबित होता है कि उस समय दो अलग-अलग धर्म और संप्रदाय के बीच सामंजस्यता के साथ क्षेत्र समृद्धशाली रहा होगा। कालांतर में वीरान जंगल और बिहड़ता के कारण यह क्षेत्र लुप्त प्राय हो गया था। जिसे कलेक्टर से राजनेता बने नीलकंठ टेकाम ने संवारने का काम किया। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### दो हजार साल पहले छिंदक नागवंशी के समय समृद्धशाली राज्य था यह क्षेत्र





### सम्राट अशोक के आने के प्रमाण मौजूद

विधायक टेकाम ने कहा कि दो हजार साल पहले जब कलिंगा जीतने के बाद सम्राट अशोक लौट रहे थे तो भोंगापाल में उनके रुकने के प्रमाण मौजूद हैं। बुद्ध की प्रतिमा ▶▶|शेष पेज 5 पर

### जापान से आए नागार्जुन सुरई ससई

सैकड़ों भिक्षुओं के बीच एक 90 साल का तंदरुस्त भिक्षुक नागार्जुन सुरई ससई भी नजर आए, जिसे मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष अपने साथ सम्मान देते हुए साथ लेकर ▶▶|शेष पेज 5 पर

### समृद्ध राज्य को नक्सलियों ने किया तहस-नहस

*केशकाल विधायक ने कहा कि दिन दहाड़े यहां नक्सली मौजूद रहते थे, जिन्होंने भय और आतंक के बल पर इस समृद्ध क्षेत्र को वीरान और रक्त रंजित बना दिया। यही कारण है कि पुरातात्विक महत्व का राज्य आज भी अबुझ बना हुआ है। मुख्यमंत्री के आने से पूर्व पूरे क्षेत्र में सुरक्षा जवान जंगल के कोने-कोने में फैले हुए थे। आईजी और एसपी समेत कई आलाधिकारी कमान संभाले हुए थे। वहीं कलेक्टर, कमिश्नर भी पूरी व्यवस्था को देख रहे थे। संयोजन अनिल खोब्रागड़े ने कहा कि 100 करोड़ का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने भी आज बौद्ध शांति* ▶▶|शेष पेज 5 पर

## चिंतन

# कमल हासन को फटकार बयानवीरों के लिए सबक

देश की बड़ी शख्सियत को सोच-समझकर बयानबाजी करनी चाहिए। जब कोई व्यक्तित्व शख्सियत बन जाता है, तो वह केवल एक व्यक्ति नहीं रह जाता है, बल्कि एक विचार बन जाता है, उनका कद समाज को प्रभावित करने लगता है। तमिल सुपर स्टार अभिनेता कमल हासन ऐसी ही शख्सियत हैं, जिनके कहे शब्द लोगों को, समाज को प्रभावित करते हैं। कन्नड़ भाषा को लेकर उनके बयान लापरवाही भरे हैं और तथ्यों से परे हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन को आईना दिखाया है कि 'आप बेशक कमल हासन होंगे, पर आप किसी की भी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचा सकते, आपको कोई हक नहीं है'। कमल को कोर्ट की यह फटकार बयानवीरों के लिए सबक है। बेशक तमिल भारत की प्राचीन भाषाओं में से एक है, लेकिन कन्नड़ भी अति प्राचीन भाषा ही है। मलयालम, तेलुगु की तरह तमिल और कन्नड़ भी द्रविड़ परिवार की भाषा है, लेकिन भाषा इतिहास में ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि कन्नड़ की उत्पत्ति तमिल से ही हुई है। तमिल भाषा की उत्पत्ति करीब 3000 वर्ष पहले हुई थी, जबकि कन्नड़ भाषा की उत्पत्ति करीब 2500 वर्ष पहले। इसके बावजूद भाषा इतिहास विज्ञानी इस बात पर एकमत नहीं हैं कि कन्नड़ का विकास तमिल से हुआ है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन से ठीक ही पूछा कि आप इतिहासकार हैं या भाषाविद? हमारे देश में अनेक बड़े लोग खासकर राजनीतिज्ञ सर्वज्ञानी होने के भ्रम में अनेक बार गलतबयानी करते हैं और विवाद पैदा करते हैं। कई बार वे सुर्खियां बटोरने के लिए सयास करते हैं। विवाद फिल्म प्रोमोशन का भी तरीका रहा है। कमल हासन अभेनेता भी हैं और राजनेता भी हैं। ऐसे में तमिल स्मिता की राजनीति से वे तमिलनाडु की सियासत में अपनी जगह बनाना चाहते हैं। ऐसे में उनका तमिल व कन्नड़ भाषा पर बयान राजनीति चमकाने व प्रचार पाने के मकसद से दिया हुआ हो सकता है, लेकिन हाईकोर्ट ने जिस तरह से चेताया है, उससे उन्हें सबक सीखने की जरूरत है। कमल हासन ने अपनी फिल्म के ठग लाइफ के प्रमोशन के दौरान कह दिया था कि 'कन्नड़ तमिल भाषा से ही पैदा हुई है'। गलत बयानी के चलते अनेक राजनीतिक विवाद अदालतों में हैं। अतीत में राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल आदि समेत कई नेताओं को अपनी गलत बयानी के लिए अदालतों की चौखट तक जाना पड़ा है। कमल ठग लाइफ को रिलीज कराने की तैयारी में हैं, अगर उसकी पब्लिस्टी के लिए कन्नड़ पर तथ्यहीन बयानी की है, तो पब्लिस्टी का यह सबसे खराब तरीका है। कमल केवल तमिल स्टार नहीं हैं, बल्कि दक्षिण के सभी राज्यों समेत देश भर के सुपर स्टार हैं। उन्हें दक्षिण की परिपाटी की तरह राजनीति करनी ही है, तो उन्हें समझना चाहिए कि राजनीति और भी संवेदनशील मामला है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कमल हासन के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जल, भूमि और भाषा, ये तीनों हर नागरिक की पहचान से जुड़ी होती हैं। तमिल और कन्नड़ भाषाएं द्रविड़ भाषा परिवार से हैं और इनमें काफी समानताएं हैं, खासकर व्याकरण और शब्दावली के मामले में। हालांकि, ये अलग-अलग भाषाओं के रूप में विकसित हुई हैं और इनके साहित्यिक इतिहास भी अलग हैं। कन्नड़ भाषा तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से ही एक बोली जाने वाली प्रचीनतम भाषा है। कन्नड़ को 2008 में भारत सरकार द्वारा शास्त्रीय भाषा के रूप में घोषित किया गया था। भाषा पर विवाद पैदा करके देश की एकता व अखंडता को कमजोर नहीं करना चाहिए। तमिलनाडु में हिंदी पर विवाद पहले से ही है।

## सारा संसार



*भगवान श्री कृष्ण की प्रेममय लीलास्थली के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए वृंदावन में एक भव्य मंदिर लीलाधाम की स्थापना की गई। 221 फीट ऊंचे, सफेद पत्थरों वाले मंदिर में नौ मंजिला मंदिर की स्थापना सन 1969 में श्रीमद लीलानंद ठाकुर जी (पागलबाबा) द्वारा की गई।*

## कुदरत

डॉ कविता सिंधू ख़रीटा



# परिंदों की चहचहाहट: आशा की एक विलक्षण भाषा

हर सुबह जब हम अखबार खोलते हैं या टीवी ऑन करते हैं, तो हमारे सामने युद्ध, राजनीति, और समाज की गहरी चिंताओं से जुड़ी खबरें होती हैं। सड़कों पर चलते चेहरे थकान, चिंता और निराशा से भरे होते हैं, लेकिन इसी दुनिया में, इसी समय में, कुछ ऐसा भी है जो हमें इन सबसे ऊपर उठने की शक्ति देता है वो हैं चहचहाते परिंदे। मैंने यह महसूस किया है कि दिन की शुरुआत अगर इन परिंदों को देखकर हो, तो जीवन के कठोर यथार्थ के बीच भी एक मधुर संगीत सुनाई देता है, जो हमें सुकून देता है। कमरे की खिड़की पर बैठा एक छोटा सा परिंदा जब अपने नन्हे पंख फड़फड़ाता है या खुले लॉन में उड़ता है, तो लगता है जैसे प्रकृति हमें अब भी प्रेम और मासूमियत का संदेश दे रही है। इन परिंदों की मौजूदगी हमें याद दिलाती है कि इस जटिल और बेरहम समय में भी अगर हमारे पास देखने के लिए दो भोली आंखें और महसूस करने के लिए एक धड़कता दिल है, तो पृथ्वी पर अभी भी प्रेम, उल्लास और करुणा मौजूद हैं। यह दृश्य महज़ एक प्राकृतिक सौंदर्य नहीं,



बल्कि मानवीय संवेदना का प्रतीक है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने भीतर की आशा, विश्वास और करुणा को जीवित रखें क्योंकि करुणा ही हमें सभी जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रखने की प्रेरणा देती है। जब हम परिंदों को देखते हैं, हम मानो खुद से, और इस दुनिया की सुंदरता से फिर से जुड़ जाते हैं। परिंदों की चहचहाहट केवल ध्वनि नहीं, वह एक मौन संवाद है, जो हमें कहता है कि जीवन अभी समाप्त नहीं हुआ है, कि हर अंधेरे के बाद एक सुबह होती है, और हर सर्दी के बाद वसंत लौटता है। जब ये परिंदे सुबह के शांत आकाश में उड़ते हैं, तो लगता है मानो वे जीवन के गीत गा रहे हों, गीत जो संघर्ष के बावजूद उम्मीदों से भरे हैं। इन नन्हें पंखों में जो उड़ान है, वह केवल आकाश में ऊँचाई को नापने की नहीं, बल्कि हमारे मन में जमी उदासी की परतों को हटाने की है। वे हमें याद दिलाते हैं कि अगर हम चाहे तो हर दिन एक नई शुरुआत हो सकती है एक नई सोच, एक नई ऊर्जा, एक नया विश्वास। आखिरकार, परिंदों की चहचहाहट एक अनकही कविता है प्रकृति द्वारा रची गई, हर दिल को छू लेने वाली, हर आत्मा को जगा देने वाली। यह आशा की वह भाषा है जिसे न तो किसी अनुवाद की आवश्यकता है और न ही किसी औपचारिकता की। यह सीधा दिल से दिल तक पहुंचती है। तो अगली बार जब आप किसी परिंदे को चहचहाते सुनें या उड़ते हुए देखें, तो बस एक पल रुक जाइए और भीतर तक गहराई से महसूस कीजिए कि आप भी उसी आशा का ही एक हिस्सा हैं, जो हर सुबह हमारे आसमान में पंख फैलाकर उड़ान भरती है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं।)



दरकार

राज कुमार सिंह

# बदजुबान राजनीति पर लगाम लगे

> राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध भाषा की मर्यादा तो हमारी राजनीति बहुत पहले भूल चुकी है, लेकिन अब देश और समाज के व्यापक हितों की अनदेखी करने में भी राजनेताओं को संकोच नहीं। महज चुनावी जीत के फेर में राजनीति अपनी राष्ट्रीय और सामाजिक जिम्मेदारियों-जवाबदेहियों से मुक्त नहीं हो सकती। भाजपा तो बिलकुल भी नहीं, जो चाल, चरित्र और चेहरे के जरिये अलग तरह की साफ-सुथरी राजनीतिक संस्कृति की वाहक होने का दावा करती है। अगर संबंधित दल का आलाकमान बदजुबान राजनीति पर लगाम कसने का साहस नहीं करता तो मतदाताओं को ऐसे नेताओं को नकारने का संकल्प लेना चाहिए।

भाजपा ने कर्नाटक में अपने दो विधायकों एसटी सोमशेखर और शिवराम हेब्बर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते छह साल के लिए निकाल दिया, लेकिन देश और समाज विरोधी बयान देने वाले नेताओं के विरुद्ध किसी तरह की कार्रवाई अभी तक किसी दल में नजर नहीं आती। ऐसे नेताओं की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। अपने राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध भाषा की मर्यादा तो हमारी राजनीति बहुत पहले भूल चुकी है, लेकिन अब देश और समाज के व्यापक हितों की अनदेखी करने में भी राजनेताओं को संकोच नहीं। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर की मीडिया ब्रीफिंग की जिम्मेदारी तीन वरिष्ठ अधिकारियों विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को देने के पीछे सरकार और सेना की सोच बड़ा संदेश देने की रही होगी, लेकिन खुद सत्तारूढ़ दल भाजपा के नेताओं की गैरजिम्मेदार बयानबाजी ने सरकार और पार्टी के साथ-साथ देश को भी शर्मसार कर दिया है। ऐसे बयानवीरों की कमी तो भाजपा समेत किसी भी दल में कभी नहीं रही, पर ताजा प्रकरण में पहला बयान मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह का आया। शाह ने एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में कर्नल सोफिया पर कहा कि 'उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी-तैसी करने उनके घर भेजा।'

यह बयान समाज ही नहीं, देश विरोधी भी है, लेकिन चौतरफा निंदा के बावजूद शाह के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिर भी शाह कानून के शिकंजे में फंसते नजर आ रहे हैं तो उसका श्रेय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर खंडपीठ को जाता है, जिसने स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर का आदेश दिया। फिर भी लेटलतीफी दिखाते हुए पुलिस ने जैसी लचर एफआईआर लिखी, उससे संदेश गया कि 'ऊपर वाले' शाह को बचा रहे हैं। उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए सही ढंग से एफआईआर लिखवायी और अपनी निगरानी में जांच की बात कही तो शाह सर्वोच्च न्यायालय चले गए। सर्वोच्च न्यायालय ने शाह की माफी को तो मगरमच्छ के आंसू मानते हुए अस्वीकार कर दिया, लेकिन उच्च न्यायालय में सुनवाई तथा एसआईटी जांच पूरी होने तक गिरफ्तारी से राहत दे दी। बेशक शाह को कानूनी राहत मिल गई है, पर भाजपा उन्हें कम से कम मंत्री पद से हटाने की नैतिक जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, शाह से भी आगे निकल गए। उन्होंने कह दिया कि 'प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे, जिनके चरणों में पूरा देश, देश की सेना और वो सैनिक नतमस्तक हैं।' जिस सेना के शौर्य को देश नमन करता है, उसका ऐसा अपमान असहनीय है। फिर भी देवड़ा के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच आया मध्य प्रदेश के भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति का यह बयान भी देश और सेना का मान बढ़ाने वाला तो हरगिज नहीं कि अचानक संघर्ष विराम संयुक्त राष्ट्र संघ के दबाव में करना पड़ा। आपत्तिजनक बयानबाजी का सिलसिला



यहीं नहीं रुकता। हरियाणा भाजपा के बुजुर्ग नेता एवं राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने अहिल्याबाई होल्कर संबंधी एक कार्यक्रम में संवेदनहीन बयान दे दिया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जिन 26 बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, उनमें 'वीरांगना का भाव' नहीं था। हमारे लोग हाथ जोड़ते हुए मारे गए। भला हाथ जोड़ने से कोई छोड़ देता है! अगर हमारे पर्यटक, आतंकवादियों से लड़ने का साहस दिखाते तो शायद कम लोग मारे जाते और कुछ आतंकी भी मारे जाते। जिनके पति आंखों के सामने ही आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गए, जांगड़ा का बयान उनके जख्मों पर नमक छिड़कने से कम नहीं। उस बयान की भी चौतरफा निंदा हुई, लेकिन अन्य बयानवीरों की तरह जांगड़ा ने भी सफाई दे दी कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर गलत संदर्भ में पेश किया गया। बेशक भाजपा ने इन बयानों से असहमति जताई।

राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों-उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी, बोलते समय संयम की नसीहत दोहरा चुके हैं, लेकिन भाजपा नेता हैं कि मानते ही नहीं। हाल ही में कर्नाटक के भाजपा विधायक एन रविकुमार ने कलबुर्गी की उपायुक्त फौजिया तरन्नुम की बाबत टिप्पणी की कि ऐसा लगता है कि वह पाकिस्तान से आई हैं। मामला बढ़ते देख रविकुमार ने अफसोस जताते हुए कहा कि उनकी जुबान फिसल गई थी, लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, इसलिए इस मामले में एफआईआर दर्ज हो गई।


अन्य दलों के नेता भी विवादित बयानबाजी में पीछे नहीं। राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने तो एयर मार्शल भारती और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की जाति बताते हुए ऑपरेशन सिंदूर के जरिये समाजवादी पार्टी की 'पीडीए' वोट बैंक की राजनीति करने में भी संकोच नहीं किया। देश की खातिर सर्वस्व न्यौछावर करने को तत्पर रहने वाली भारतीय सेना के ऐसे अपमान पर सपा आलाकमान का मौन खुद उसे भी कठघरे में खड़ा कर देता है। पहलगाम हमले के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने जिस तरह नीबू-मिर्च टांग कर राफेल विमान का फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, वह सेना की साख से खिलवाड़ के साथ ही राष्ट्रविरोध से भी कम नहीं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत अब सफाई दे रहे हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को नहीं, उस पर राजनीति को असफल बताया था। सरकार और भाजपा पर निशाना साधते-साधते कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया समेत अन्य कुछ कांग्रेसी नेताओं के बयान भी लक्ष्मण रेखा लांघ गए, लेकिन कार्रवाई उन मामलों में भी होती नजर नहीं आई। जिम्मेदार समझे जाने वाले राजनेताओं के ऐसे गैर जिम्मेदार बयान हमारी राजनीतिक संस्कृति को भी कठघरे में खड़ा करते हैं।

राजनीति जिस तरह विचार से विमुख होकर चुनावी समीकरण पर केंद्रित होती जा रही है, उसके चलते भी कई बार राजनीतिक दल ऐसे बदजुबान नेताओं पर कार्रवाई करने से हिचकते हैं। मसलन, आठवीं बार विधायक बने विजय शाह की गिनती मध्य प्रदेश में असरदार आदिवासी नेताओं में होती है। छठी बार विधायक बने जगदीश देवड़ा अनुसूचित जाति समुदाय को साधने के लिए उप मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। भाजपा को डर हो सकता है कि जाति-समुदाय विशेष के चेहरे बने इन नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई से चुनावी नुकसान हो सकता है। ऐसा संभव भी है, लेकिन महज चुनावी जीत के फेर में राजनीति अपनी राष्ट्रीय और सामाजिक जिम्मेदारियों-जवाबदेहियों से मुक्त नहीं हो सकती। भाजपा तो बिलकुल भी नहीं, जो चाल, चरित्र और चेहरे के जरिये अलग तरह की साफ-सुथरी राजनीतिक संस्कृति की वाहक होने का दावा करती है। अगर संबंधित दल का आलाकमान बदजुबान राजनीति पर लगाम कसने का साहस नहीं करता तो मतदाताओं को ऐसे नेताओं को नकारने का संकल्प लेना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित

## दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।

# सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित

## प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - **चंद्रकांत पांडे**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# संरा महासभा ने जर्मनी की बेयरबॉक को अध्यक्ष चुना

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा श्मिड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए श्मिड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर




चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, ''सुश्री बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है।'' पोलियांस्की ने उन पर ''रूस विरोधी नीति'' अपनाने का आरोप लगाया साथ ही इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि वह महासभा की अध्यक्ष के रूप में ''शांति और वार्ता के हित में कार्य करने में सक्षम होंगी।''

## ऑफ बीट

# क्या एआई एक संज्ञानात्मक क्रांति को जन्म दे रही है?

कृत्रिम मेधा (एआई) की शुरुआत मानव मस्तिष्क का अनुकरण करने की खोज के रूप में हुई थी। लेकिन अब यह हमारे दैनिक जीवन में मानव मस्तिष्क




की भूमिका को बदलने की प्रक्रिया में है? औद्योगिक क्रांति ने शारीरिक श्रम की आवश्यकता को कम कर दिया था। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एआई के अनुप्रयोग पर शोध करने वाले व्यक्ति के रूप में मैं यह सोचने से खुद को नहीं रोक सका कि क्या एआई ज्ञान संबंधी क्रांति को बढ़ावा दे रही है या फिर ज्ञान संबंधी प्रक्रियाओं की आवश्यकता को समाप्त कर रही है क्योंकि एआई विद्यार्थियों, श्रमिकों और कलाकारों के लेखन, डिजाइन और निर्णय लेने के तरीके को नया आकार देती है। ग्राफिक डिजाइनर अपने ग्राहकों को अपने काम का नमूना दिखाने के लिए एआई का उपयोग करते हैं। बाजार में मौजूद कंपनियां एआई निर्मित प्रोफाइल बनाकर इस बात की तसदीक करती हैं कि उनके विज्ञापन किस तरह काम करेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर एआई कोडिंग सहायकों से काम कराते हैं। छात्र रिकॉर्ड समय में निबंध की तैयारी के लिए एआई का उपयोग करते हैं और शिक्षक प्रतिक्रिया देने के लिए इसी तरह के टूल का उपयोग करते हैं। आर्थिक और सांस्कृतिक निहितार्थ हैं ज्यादा क्या होगा, जब लेखक को सही वाक्य लिखने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा।

## ट्रेंड

### रचनात्मक भूमिका को तैयार



अन्नालेना बारबॉक को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर बधाई। महासभा की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारत आपके नेतृत्व में साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

-एस जयशंकर, विदेश मंत्री

### बिना शर्त रिहाई का आह्वान



जून में यमन में हूथी अधिकारियों द्वारा राजनयिक मिशनों के दर्जनों कर्मियों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने की घटना को एक साल हो गया है। मैं उनकी तत्काल और बिना शर्त रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराता हूं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### बीजेपी सिर्फ़ चुनाव लड़ेगी



भारतीय सेना पाकिस्तान से लड़ेगी। भारतीय सेना चीन से लड़ेगी। जनता अशिक्षा से लड़ेगी। बेरोज़गारी से लड़ेगी। मंहगाईं से लड़ेगी। करोना से लड़ेगी। बीजेपी सिर्फ़चुनाव लड़ेगी।

-संजय सिंह, आप नेता

### रोगियों के लिए अच्छी खबर



बिकारा ने सिर, गर्दन के कैंसर में फिसेराफुस्प अल्फा कीटुडा के लिए उत्तरजीविता डेटा प्रस्तुत किया: 21.3 महीने - 2 साल बाद गहरी और टिकाऊ प्रतिक्रिया अंतिम चरण के एचएनएससीसी रोगियों के लिए बहुत अच्छी खबर है।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

लोकगीत

शकुन्तला तरार

## हल्बी गीतों में समाहित लोक तत्व



हल्बी लोक गीतों में पारंपरिक लयबद्धता के साथ सरलता और स्वाभाविकता का भाव होता है। जंगली माटी के बीच की पावन खुशबू और स्वाद में जीते हुए दिखावे से दूर रहकर मनोरंजन के माध्यम से कलाप्रियता को बरकरार रख अपनी परम्परा को जीवित रखे हुए हैं। इन गीतों में संगीतात्मकता, गेयता, प्रकृतिगत, स्वभावगत, लोकरंजकयुक्त, आह्लादित, अनुप्राणित, सहज लोक संगीत युक्त संस्कृति की व्यापकता का बोध होता है। बारहमासी गीत, तीज त्योहार, बर बिहाव पर अपने आंचलिक गीत का आज भी आनंद लेते हैं। गर्व का विषय है कि यहां कि महिलाएं घूंघट प्रथा, पर्दा प्रथा जैसी रूढ़ियों से हटकर अपनी अस्मिता को बनाए हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती हैं। खेत खलिहानों में कार्य करते समय जब श्रम की थकान होती है तो उस थकान को मिटाने के लिए गीतों का सहारा लिया जाता है। स्त्री पुरुष दोनों ही एक दूसरे का साथ निभाते हुए गीतों की लड़ियां बांधते हैं।

बौद्धिक सृजन की उठापटक से दूर निश्छल वातावरण में मन के उद्गारों के माध्यम से लोक गीत रूपी निधि से स्वयं उपकृत होकर पुरुष प्रधान समाज को भी उपकृत किया है और समाज को एक नई दिशा प्रदान की है। देखते हैं यहां विवाह के अवसर पर दूल्हा या दुल्हन के साथ नाच गाने का यह गीत-

रे... रे...लो...यो...
लाला बले सरली न...
ओनदे बाबू सिंगी बांगा जोपा फरेसे
जोपा के दखुन टोड़से ना
सारी बोड़ी चो दोका आय बाबू
सिंगी बांगा जोपा फरेसे
ओनदे बाबू सारी बोड़ी चो दोका आय।



ऐतिहासिक

डा. ऋषिराज पाण्डेय

## सारंगढ़ में दीवान बरबट साय का कार्यकाल उल्लेखनीय रहा



दीवान उजियार सिंह के पश्चात उनके पुत्र बलियार साय सारंगढ़ की गद्दी पर बैठे, किन्तु उनकी निःसंतान मृत्यु होने की वजह से उनके छोटे भाई बरबट साय गद्दी पर बैठे। दीवान बरबट साय को संबलपुर के शासक बलराम देव के उत्तराधिकारी ह्दयनाथ द्वारा भेड़वन के मुठभेड़ में मार डाला गया। इस संबंध में सारंगढ़ रियासत की पांडुलिपि से पता चलता है कि चंद्रपुर का कोई तेली अपनी पत्नी को डोली करा कर ले जा रहा था कि रास्ते में भेड़वन के जमींदार परान दीवान ने तेली की स्त्री का हरण कर लिया। तेली द्वारा इस बाबत शिकायत संबलपुर के महाराजा ह्दयनाथ से की गई तब महाराज ने सारंगढ़ पर चढ़ाई कर दी। महाराजा ह्दयनाथ ने अपने सहायक बघेल राजपूत को आज्ञा दी कि वह सारंगढ़ के दीवान को कैद कर प्रस्तुत करे। जब दीवान बरबट साय महाराज से मिलने पहुंचे तो बघेल राजपूत ने बिना पूछताछ किए तलवार से उनका सिर काट दिया। इस घटना पर एक स्थानीय कवि ने लिखा है -

मुड़ कटत दीवान हर
भुईयां म गिर परिस
वोइच दिन ले
गांव के नाव मुड़ियाडीह परिस।

दीवान के साथ जो आदमी गए थे, उन्होंने संघर्ष किया, किन्तु वे सभी मारे गए। दीवान के शुभचिंतकों ने रानी को बरबट साय दीवान के मारे जाने की सूचना दी तथा सारंगढ़ छोड़ देने सलाह दिया। इस समय रानी को 8 माह का गर्भ था, रानी धमधा में गुप्त रूप से निवास करने लगी। रानी के साथ 18 आदमी धमधा गए थे। दीवान बरबट साय की मृत्यु पश्चात सारंगढ़ क्षेत्र को फुलझर राजा रजीपाल परिवार ने अधिकृत कर लिया। यद्यपि दीवान बरबट साय ने संबलपुर के चौहान महाराजा के प्रति स्वामी भक्ति तथा निष्ठा प्रदर्शित की, किन्तु उसे जमींदार परान दीवान की करनी का फल भुगतना पड़ा तथा अपने प्राण गंवाने पड़े।

**चैतन्य महाप्रभु की किर्तनीय शैली और श्रीमद भागवत के श्लोक ने रहस को जन्म दिया। रहस की परम्परा में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के प्रतीक तीन नर्तक नृत्यरत होकर रहस मंच के केन्द्र में स्थापित भगवान कृष्ण की परिक्रमा करते हैं। तीनों नर्तकों के पीछे रासधारी अपने अपने वाद्य यंत्रों के साथ कीर्तन करते परिक्रमा में लीन रहते हैं। प्रसंगानुसार कृष्ण की लीलाएं भी होती हैं।**

# छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य में अन्य राज्यों का प्रभाव





लोक नाट्यः नन्दकिशोर तिवारी

छत्तीसगढ़ विभिन्न प्रांतों से घिरा है। वर्तमान ओडिशा और महाराष्ट्र का एक बड़ा भूभाग क्रमशः 1905 और 1956 के पूर्व मिलकर छत्तीसगढ़ मध्य प्रांत कहलाता था। स्वाभाविक रूप से एक दूसरे की संस्कृति का आदान प्रदान हुआ होगा। ओडिशा में चैतन्य महाप्रभु के भक्ति आंदोलन का प्रभाव छत्तीसगढ़ में पड़ा। भगवान कृष्ण की परिक्रमा करते हुए कीर्तन की परंपरा प्रारम्भ हुई। पंडितों ने श्रीमद भागवत के निम्नलिखित श्लोक को ढूंढ निकाला -


प्रहलादस्ताल धारी तरलगति तया चोदघव कास्य धारी।
वीणाधारी और सुरशीर्ष स्वर कुशलतया राग कर्ता अर्जुनस्य भूत।

प्रहलाद तो चंचलगति होने के कारण करताल बजाने लगे, उद्धव मंजीरा उठा लिए, महर्षि नारद वीणा की ध्वनि करने लगे। स्वर विज्ञान में कुशल होने के कारण अर्जुन राग अलापने लगे। इंद्र ने मृदंग बजाना आरंभ कर दिया, सनकादि बीच बीच में जयघोष करने लगे। इन सबके आगे शुकदेव भी तरह तरह सरस अंग भंगी करके भाव बताने लगे। इन सबके बीच परम तपस्वी भक्ति, ज्ञान और वैराग्य नटो के समान नाचने लगे।

चैतन्य महाप्रभु की किर्तनीया शैली और श्रीमद भागवत के इस श्लोक ने रहस को जन्म दिया। रहस की परम्परा में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के प्रतीक तीन नर्तक नृत्यरत होकर रहस मंच के केन्द्र में स्थापित भगवान कृष्ण की परिक्रमा करते हैं। तीनों नर्तकों के पीछे रासधारी अपने अपने वाद्य यंत्रों के साथ कीर्तन करते परिक्रमा में लीन रहते हैं। प्रसंगानुसार कृष्ण की लीलाएं भी होती हैं। रहस की इस नाट्य परम्परा को राधा विहार और वृज विलास नामक कृतियां निरंतरता प्रदान करती हैं। रतनपुर का यह सर्वाधिक प्रिय नाट्य रूप है। रतनपुर के यशस्वी कवि बाबू रेवा राम ने अपनी भक्ती रचनाएं गुटका नाम से प्रकाशित कर रहस में व्याप्त भक्ति भाव को सु दृढ़ आधार दिया। अभी भी रहस में इसी गुटका के भजनों का ज्यादातर गायन होता है।

पर्यटनः डा. कुंतल गोयल

# प्राकृतिक बांक जल कुंड में सौंदर्य का आनंद लें



छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर से सूरजपुर -भैयाथान होकर अस्सी कि मी पर ओडगी विकास खंड मुख्यालय है। ओडगी से पंद्रह कि मी की दूरी पर पहाड़ियों की तलहटी पर बांक ग्राम बसा है। इसी बांक ग्राम के पास रेहद नदी, वन विभाग विश्राम गृह के सामने भाग में अर्द्धचंद्राकार बहती हुई एक विशाल जल कुंड में जल संघात से उत्पन्न कल कल संगीतमय ध्वनि सुनाई पड़ती है। इस जल कुंड के निचले भाग में बांक डेम का निर्माण किया गया है। इस डेम के पास सुन्दर उद्यान भी लगाया गया है। बांक जल कुंड के पास ही मोरपंखी वन के बीच वन विभाग का अत्यंत सुसज्जित विश्राम गृह भी है। इस कुंड के आसपास घने जंगल हैं जिसमें विभिन्न किस्म के औषधीय पेड़ों की अधिकता देखी जा सकती है। इन पेड़ों के कारण वातावरण हरा भरा होता है, तथा मन को आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। बरसात के दिनों में पानी का कलरव मन को प्रफुल्लित कर देता है। इस प्राकृतिक स्थल पर वर्ष भर पर्यटक प्रकृति का मजा लेने आते रहते हैं। बांक जल कुंड पर्यटकों और वन भोज का आनन्द लेने वालों के लिए आकर्षक का केन्द्र है।

लोक साहित्य

डा. मंजू शर्मा

## छत्तीसगढ़ी में नई कविता का सूत्रपात

मुक्त छंद द्वारा नई कविता रचना का सूत्रपात हुआ। निराला के मुक्त छंद की तरह छत्तीसगढ़ी में भी प्रयोग किया गया। सन 1965 के बाद के नए कवियों ने छत्तीसगढ़ी कविता को स्वच्छंद जीवन प्रदान करने के लिए कविता की रूढ़ियों को तोड़कर जीवन की कुंठा एवं संत्रास को अभिव्यक्ति दी। छत्तीसगढ़ी कविता में खोज की प्रवृति मृतप्राय हो चुकी थी, उसे पुनः गति देने में नई कविता के कवियों ने भरसक प्रयास किया है। अनेक कवियों ने नई कविता पर इसके बाद लेखन प्रारम्भ किया है जो सतत जारी है। देखें एक कवि के भाव को जिसमें महाभारत युद्ध के दर्शन होते हैं -

महाभारत के सुन्न मैदान मा ठाडे
दूरपति सोचत हे
ये महाभारत काबर?
काखर बर बोहाथस अतेक लहू?
मोर बर?
नहीं! मोर बर होतीस त ओहि दिन
होय रहीतीस महाभारत
जेन दिन दुशासन हरे रीहिस मोर चीर
ए लड़ई आय
अर्जुन के
धर्मराज के
भीष्म बाबा के
आऊ श्रीकृष्ण के
सबके पहार अस
महत्वाकांक्षा बर लड़े गिस
ए महाभारत।

छत्तीसगढ़ी काव्य मुक्तक , गीत, प्रबन्ध, प्रलंब, नई कविता आदि के साथ हिन्दी की अन्य प्रवृत्तियों को भी समाहार करते हुए बीसवीं सदी में अपनी पहचान बना सका। इक्कीसवीं सदी में पृथक प्रदेश के प्राकट्य के साथ इसका भाषिक और साहित्यिक विकास महत्वपूर्ण साबित होगा, इसमें दो मत नहीं।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

लोक चित्र

वसंत निरगुणे

# अनुष्ठानिक चित्र मिथकीय होती है





लोक साहित्य में मिथकों का जितना प्रयोग मिलता है, उतना ही लोक चित्रों में भी मिथकों का प्रयोग परम्परा से मौजूद है। कोई भी लोक चित्र बिना मिथक के पूरा नहीं होता। अनुष्ठानिक चित्रों की प्रवृत्ति पूर्णतः मिथकीय होती है क्योंकि उनमें बनाई जाने वाली आकृतियों के पीछे कोई न कोई कथा होती है। मनुष्य, पशु पक्षी, प्रकृति, पेड़ पौधे, नदी पहाड़, दैनंदिनी वस्तुएं, संकेत, बिम्ब, प्रतीक या अभिप्रायों के माध्यम से उकेरे जाते हैं। लोक चित्र प्रायः दो तरह से बनाए जाते हैं। एक रंगों से तथा दूसरे मिट्टी, गोबर, कागज तथा अन्य माध्यमों से रंगों से बनाए जाने वाले चित्रों के चार मूल आधार होते हैं। एक जो भित्ति पर बनाए जाते हैं उसे सुरती या नाग कहा जाता है। दूसरा धरती पर बनाए जाने के कारण रंगोली या अल्पना कहलाता है। तीसरा कागज, कपड़ा या पत्तों पर बनाए जाते हैं जिसे पट्ट चित्र कहते हैं। चौथा देह पर बनाए जाने वाले चित्र होते हैं जिसे गोदना या मेंहदी कहते हैं।

पुराने चित्रों के रंग देहाती होते हैं जिसे गांव से प्राप्त मिट्टी रंगों को कलाकार पारंपरिक विधि से तैयार करते हैं। लोक चित्रों के प्राथमिक रंग लाल, पीला, नीला, हरा, काला और सफेद प्राचीन समय से प्रचलित है। काड़ी में बाल या रुई लपेटकर कलम बनाने की प्रथा भी पुरानी है। ग्रामीण महिलाएं अपने पारंपरिक चित्र अभी भी नारियल की बुच में रंग घोल कर रेखांकन करती हैं।

लोक चित्र प्रारंभिक मानव की संस्कृति और कला विकास के प्रामाणिक सोपान हैं। लोक चित्र की भाव भित्ति को देखकर इसे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। उनमें मिथकीय अनुष्ठान के साथ पराशक्तियों की पूजा का मूल भाव भी छुपा है और मनुष्य की मांगलिकता की प्रबल इच्छा भी समाहित है।



# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।

लाइफ Style

# धनश्री

## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं।



# धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो



**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बिहाइंड-द-सीन वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

# धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित



**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की स्क्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। इस तरह देखा जाए तो ये दोनों एक हिट एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी है। फिल्म धूम 4 की कास्टिंग पूरी हो गई तो प्रोडक्शन हाउस इस फिल्म की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू कर देगा। इस फ्रैंचाइजी की पिछली फिल्मों में चोर-पुलिस का खेल दिखा है। जॉन अब्राहम, ऋतिक रोशन, आमिर खान ने चोर के किरदार इस सीरीज की फिल्मों में निभाए हैं। पुलिस के रोल में अभिषेक बच्चन दिखे थे।

# लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'

**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आजम। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

**बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने**

### 10 लाख थी गाने की लागत



*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आज़म को बनने में

*मुगल-ए-आजम को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

# सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार



मुंबई। यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं।

## टीवी मसाला

# ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा



**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज़ किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीजन 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'

## विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी।



अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है। तुम अंत तक एक योद्धा रहे - एक असली योद्धा।'

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment**
**आवश्यकता**

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- (आवास फ्री PF +ESIC) **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा, रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, 7747000016, 7746000019.**(RO-074)

**टीचर**

**आवश्यकता है-** ज्ञान आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल प्रेम नगर गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) हिंदी/ एवं अंग्रेजी माध्यम शिक्षक शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। **मोबाइल - 9827403620. समय सुबह 8 से 12 बजे तक** (RO-400)

**आवश्यकता है-** जागृति उ. मा. विद्यालय, भाटागांव, रायपुर में रसायन अंग्रेजी, गणित, हिंदी साहित्य, भौतिकी विषय हेतु वह प्राथमिक विभाग शिक्षक /शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। **समय प्रातः- 09 से 01 बजे। मो. नंबर -77459-09680, 7999097105. दिनांक - 02/06/2025, 04/06/2025, 06/06/2025,** (RO-0011)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

**आवश्यकता है-** अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए। टैली, MS- ऑफिस जानकार को प्राथमिकता। मिलने का समय 3.00 - 5.00, फोन द्वारा संपर्क समय 11.00-5.00 **संपर्क अलाईड ट्रेडर्स, कमासीपारा, तात्यापारा चौक, विनोद तिवारी के सामने गली में, झाबक बाड़ा, रायपुर। मोबाइल: 8959755177.**(RO-1647)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** *कम्प्युटर आपरेटर (टैली) - (अनुभव एक साल), दुकान में कार्य करने हेतू लड़के चाहिए, काउंटर सेल्समेन, कार्य समय 11AM to 9PM, **राधा इंटरप्राइजेस, स्टेशन रोड, रायपुर, 9425504853.*** (RO-511)

**ऑफिस बॉय/सहायक**

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लिनिक स्टाफ ऑफिस बॉय एवं गर्ल सहायक हेतु समय सुबह 10:30 से 8 बजे तक इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। **श्री श्याम डेंटल क्लिनिक अशोका प्लाजा अशोका रतन शंकर नगर रायपुर मोबाइल - 8435533000.** (RO-6879)

**सेल्समैन**

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में 12वीं पास लड़कों जो सेल्समैन का काम कर सके आवश्यकता है **संपर्क करें जैन ट्रेडर्स नियर एसबीआई एटीएम आकृति बिहार अमलीडीह रायपुर मो , 7469980000, 0771 4075490.** (RO-6882)

**रिसेप्शनिस्ट/ऑपरेटर**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु रिसेप्शनिस्ट, कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए युवक/ युवतियों की आवश्यकता है। फ्रेशर भी **संपर्क करें - 7470952100, 9131941253.**(RO-M)

**ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** होली हार्ट स्कूल कबीर नगर शाखा में स्कूल बस और वैन चलाने हेतु बैज धारी ड्राइवर की आवश्यकता है। लाइसेंस होना चाहिए **संपर्क - 9399944649** (आरो - 6861)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20000/- प्रतिमाह। रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी। जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222.** (RO-08)

**आवश्यकता है-** आशीर्वाद किराया भंडार में ड्रायविंग + लेबर कार्य हेतु वेतन 11,000, लेबर कार्य हेतु वेतन 9000 की आवश्यकता हैं। समय 9 से 8.30 बजे तक, **मो. 9826182338, पता- ब्राम्हणपारा, रायपुर** (RO-6981)

**घरेलु/मार्केटिंग कार्य**

**आवश्यकता है-** घर का घरेलू कार्य बाई 1 एवं टेली कालिंग कार्य हेतु 2 फीमेल एवं घर बैठे मार्केटिंग हेतु मेल - फीमेल चाहिए पार्ट टाइम/ फुल टाइम रहना खाना सुविधा अच्छे रिश्ता हेतु कास्ट नो बार कन्याएं बायोडाटा भेजिए मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो **भारतमाता चौक गुड़ियारी रायपुर 9039321951, 7772868308.** (RO-670)

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** हमारी कंपनी में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है! लोकेशन - भनपुरी रायपुर **कंपनी:- ख्याति पेट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड शिफ्ट - 12 घंटे *संपर्क करे- 9301777359, 9009623959* रहने की सुविधा दी जाएगी!** (RO-512)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**खाना मिस्त्री**

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, खाना देने एवं बर्तन धोने हेतु महिला, पुरुष की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा फ्री। **सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.** (RO-37886)

**ऑपरेटर/लेबर/कीपर**

**आवश्यकता है-** सी एंड एफ में कार्य हेतु 1 कंप्यूटर (SAP) ऑपरेटर, 1 गोडाउन कीपर और 1 लेबर की । **सोना ट्रेडिंग कंपनी, शांता स्वीट्स के पास, भनपुरी बाजार चौक, भनपुरी, रायपुर। संपर्क- 6266694683.(समय- 10 से 6)** (RO-922)

**इंचार्ज/टेलीकॉलर**

**आवश्यकता है-** कलेक्शन एजेंसी को भिलाई क्षेत्र में आवश्यकता हैं (1 ) कॉलसेंटर इंचार्ज ( फीमेल) पद -03 सैलरी -20000 + (2 ) टेलिकॉलर (फीमेल) पद 5 सैलरी (7000 - 10000 ) कंप्यूटर ,बैंकिंग व कलेक्शन क्षेत्र में अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता (3 ) फील्ड एग्जीक्यूटिव पद -10 सैलरी 12000 +TA (4 ) ऑफिसबॉय पद 2 contact : **9329208862, 9589049626 हेड ऑफिस :- ई-जेनेसिस ,4 /16 दक्षिण गंगोत्री ,भिलाई** (आरो नं.-SP/918)

**ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10,000 रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15,000 से 20,000 स्थानः- म.प. उज्जैन । Co- **9630773028 9691233111.** (RO-355)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**अन्य**

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें - 9798472261.**(RO-919)

**आवश्यकता है-** Job hi Job लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12-वीं पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, सुपरवाइजर, सैलरी 22500/- से 55,500/- (रहना खाना की सुविधा) **08588080514.**(RO-926)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 725 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे **(धीरेंद्र कुमार)- 7392890179.** (RO-925)

**Business**
**व्यापार**

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित **संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर कोरबा- 9826020603.** (RO-080)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**Property**
**प्रापर्टी**

**कृषि भूमि**

**बेचना है-** प्राईम लोकेशन 02.70 एकड़ कृषि भूमि, नवा रायपुर , भेलवाडीह। डामर रोड पर 400' फ्रंट @ 1.15 करोड़ / एकड़। लेवाल ही **संपर्क करें - 7987504355, 7477202779.** (RO-6881)

**बेचना है-** कृषि भूमि अतिशीघ्र बेचना है ग्राम- रामपुर तहसील- दाढ़ी जिला- बेमेतरा (छ.ग.) में। **सम्पर्क करें- 8817731165** (RO-37884)

**For Rent**
**किराया**

**किराये से देना है-** हीरापुर, हर्षित लैंडमार्क के सामने, रिंग रोड नं- 2 पर 2400 वर्ग फीट में निर्मित ग्राउंड फ्लोर पर विभिन्न साइज की 05 दुकानें किराए से देना है। **संपर्क: 9425205273.**(RO-1648)

**Finance**
**फायनेंस**

**फाइनेंस -** सुंदरम फाइनेंस द्वारा पाएं घर बैठे लोन आसान किस्तों पर समूह लोन, बिजनेस लोन, आधार लोन, पर्सनल लोन, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रॉपर्टी लोन 2% ब्याज 30% छूट। हेल्पलाइन **8127684826,** हेडऑफिस **9889062539** (RO-081)


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152






## पंजाब को 6 रन से हराकर बेंगलुरु ने पहली बार जीता आईपीएल का खिताब

# रॉयल चैलेंजर्स बना चैंपियन

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब आरसीबी ने 18 साल बाद जीत लिया है। फाइनल मैच में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया। ये मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में पंजाब की टीम ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। दोनों ही टीमें बिना किसी बदलाव के इस महामुकाबले में उतरी थीं। आरसीबी की टीम पहले बैटिंग के लिए उतरी थी। आरसीबी ने 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए थे। कोहली के बल्ले से 43 रन आए। जितेश ने तेज बल्लेबाजी की और 240 के स्ट्राइक रेट से 10 गेंद में 24 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या ने 17 रन देकर 2 विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार ने भी 2 विकेट लिए। पंजाब से अर्शदीप सिंह और काइल जैमिसन ने 3-3 विकेट लिए। इसके जवाब में उतरी पंजाब किंग्स 184 रन ही बना सकी और आरसीबी ने ये खिताब जीत लिया। बता दें कि आरसीबी ने चौथी बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। फाइनल तक पहुंचने में आरसीबी को भी काफी मेहनत करना पड़ी।



### लीग स्टेज के बाद दूसरे स्थान पर रही थी आरसीबी

आरसीबी ने लीग स्टेज के अपने 14 में से 9 मैच जीते और 4 में शिकस्त मिली थी। इस बीच 1 मैच बेनतीजा रहा था। अंक तालिका में आरसीबी की टीम दूसरे स्थान पर रही थी। लीग स्टेज के बाद आरसीबी से आगे सिर्फ पंजाब किंग्स की टीम रही थी। दिलचस्प रूप से पंजाब किंग्स के भी 19 ही अंक थे लेकिन नेट रन रेट बेहतर था।

### क्वालीफायर-1

क्वालीफायर-1 पंजाब किंगस को आरसीबी ने को 8 विकेट से दी थी मात। चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स और आरसीबी के बीच क्वालीफायर-1 खेला गया था। उस मैच में पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 101 रन पर सिमट गई थी। जवाब में आरसीबी ने फिल सॉल्ट के अर्धशतक (56*) की मदद से आसानी से लक्ष्य हासिल किया था।

### क्रुणाल ने लिए 17 विकेट

आरसीबी से इस बार सबसे ज्यादा विकेट जोश हेजलवुड ने चटकाए। उन्होंने 12 मैचों में 22 विकेट लिए। क्रुणाल पांड्या ने 15 मैचों में 17 विकेट लिए।



क्रुणाल पंड्या
प्लेयर ऑफ द मैच

2 विकेट
04 ओवर
17 रन

### स्कोर बोर्ड

| बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट का अय्यर बो जैमीसन | 16 | 9 | 2 | 1 |
| विराट कोहली का और बो उमरजइ | 43 | 35 | 3 | 0 |
| मयंक अग्रवाल का अर्शदीप बो चहल | 24 | 18 | 2 | 1 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो जैमीसन | 26 | 16 | 1 | 2 |
| लिविंग्स्टोन पगबाधा बो जैमीसन | 25 | 15 | 0 | 2 |
| जितेश शर्मा बो विशाख | 24 | 10 | 2 | 2 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप | 17 | 09 | 1 | 1 |
| कृणाल पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप | 4 | 05 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर का आर्य बो अर्शदीप | 1 | 1 | 0 | 0 |
| यश दयाल नाबाद 1 | | | | |

अतिरिक्त : 9 रन, कुल: 20 ओवर में 190/9 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजई 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

| पंजाब | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य का साल्ट बो हेजलवुड | 24 | 19 | 4 | 0 |
| प्रभसिमरन का कुमार बो पंड्या | 26 | 22 | 0 | 2 |
| इंगलिस का लिविंगस्टोन बो पंड्या | 39 | 23 | 1 | 4 |
| श्रेयस अय्यर का शर्मा बो शेफर्ड | 01 | 02 | 0 | 0 |
| नेहाल वढेरा का पंड्या बो कुमार | 15 | 18 | 0 | 1 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 | 30 | 3 | 6 |
| स्टोइनिस का दयाल बो कुमार | 06 | 02 | 0 | 1 |
| अजमतुल्लाह का भंडागे बो दयाल | 01 | 02 | 0 | 0 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11 रन, कुल: 20 ओवर में 184/7 रन
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-38-2, दयाल 3-0-18-1, हेजलवुड 4-0-54-1, पंड्या 4-0-17-2, शर्मा 2-0-19-0,शेफर्ड 3-0-30-1

### प्रियांश आर्य ने बनाया ये रिकॉर्ड

प्रियांश आर्य फाइनल में बड़ी पारी नहीं खेल सके। वह 22 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए। आईपीएल 2025 में उन्होंने 17 पारियों में 27.94 की औसत और 179.24 की स्ट्राइक रेट के साथ 475 रन बनाए। अपने इस डेब्यू सीजन में उन्होंने 1 शतक और 2 अर्धशतक भी लगाए। वह डेब्यू सीजन में सर्वाधिक रन वाले भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने इस मामले में देवदत्त पडिक्कल (473 रन, 2020) का रिकॉर्ड तोड़ा।

खास खबर

## कोहली ने ठोके पंजाब किंग्स के खिलाफ सबसे ज्यादा रन



पंजाब किंग्स के खिलाफ सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने कोहली कोहली ने 35 गेंदों में 43 रन बनाए। वह अपने अर्धशतक को पूरा करने से चूक गए। हालांकि, इस पारी के दौरान वह पंजाब किंग्स के खिलाफ सर्वाधिक रन वाले बल्लेबाज बने हैं। कोहली ने पंजाब के खिलाफ 1,159 रन बनाए हैं।

### सर्वाधिक चौके लगाने वाले खिलाड़ी बने कोहली

कोहली ने अपनी आज की पारी में 3 चौके लगाए। वह अब आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। कोहली के नाम अब आईपीएल में 771 चौके हो गए हैं। इस मामले में शिखर धवन (768) दूसरे, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर (663) तीसरे, मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (640) चौथे और कोलकाता नाइड राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे (514) 5वें पायदान पर हैं।

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
759 रन
गुजरात

### सुदर्शन ने बनाए 759 रन

इस सीजन सबसे ज्यादा रन गुजरात के बल्लेबाज साई सुदर्शन के बल्ले से निकले जिस कारण उन्हें ऑरेंज कैप प्रदान किया गया।

### प्रसिद्ध ने झटके 25 विकेट

इस सीजन सबसे ज्यादा रन गुजरात के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदान गेंदबाजी करते हुए 25 विकेट लिए उन्हें पर्पल कैप प्रदान किया गया।

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
25 विकेट
गुजरात

## मयंक ने पूरे किए 100 छक्के और 5,000 टी-20 रन



आरसीबी के लिए नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए आए मयंक ने पारी का 12वां रन बनाते ही उन्होंने अपने टी-20 करियर में 5,000 रन पूरे किए। इसके साथ-साथ उन्होंने आईपीएल में अपने 100 छक्के भी पूरे किए। टी-20 क्रिकेट में इस अनुभवी बल्लेबाज के अब 5,012 रन हो गए हैं। इस बीच उन्होंने 2 शतक और 28 अर्धशतक लगाए हैं।

खबर संक्षेप



### इस बार विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने के कारण इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। विंबलडन 30 जून से शुरू होगा। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है।

### वनडे क्रिकेट के नियमों में कई बदलाव, 1 जुलाई से होंगे लागू

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल 1 जुलाई से कुछ नए खेल नियम लागू करने जा रही है। वनडे मैचों में अब फिर से एक ही गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। फिलहाल मैच की शुरुआत से दोनों सिरों से 2 नई गेंदों का इस्तेमाल होता है। अब नए नियमों के तहत 35वें ओवर के बाद से सिर्फ एक ही गेंद से मैच होगा।

## सिनर ने रुब्लेव को हराया, रौलां गैरो के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



एजेंसी ▶▶| इटली

टेनिस की दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी जानिक सिनर ने 17वें वरीयता प्राप्त आंद्रेई रुब्लेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराकर रौलां गैरो 2025 के क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। यह सिनर का करियर का 11वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल है और पेरिस में उनका तीसरा क्वार्टरफाइनल है। मैच के बाद सिनर ने कहा, "हम दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं, इसलिए रणनीति में बदलाव जरूरी था। तीन सेट में मैच खत्म करना मेरे लिए गर्व की बात है।"

### सिनर का शानदार प्रदर्शन और ग्रैंड स्लैम में रिकॉर्ड

जानिक सिनर ने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार 18वीं जीत दर्ज की है। रौलां गैरो में अब तक उनके प्रदर्शन पर नजर डालें तो उन्होंने 12 सेट खेले हैं, जिनमें केवल 30 गेम गंवाए हैं। इस रिकॉर्ड के साथ सिनर ने ओपन युग के सबसे लंबे समय तक बिना हार के जीतने वाले खिलाड़ियों में आंद्रे अगासी, बोरिस बेकर और मैट्स विलेंडर के साथ साझा स्थान प्राप्त किया है। सिनर को अपने पहले फ्रेंच ओपन खिताब के लिए चार और मैच जीतने होंगे, जिससे वे ओपन युग में सातवें स्थान पर पहुंच जाएंगे। साथ ही, उन्होंने इतालवी खिलाड़ियों के बीच ग्रैंड स्लैम में सबसे अधिक जीत का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। मैच में जानिक सिनर ने शुरू से ही अपनी ताकत दिखाई और पहले सेट को मात्र आधे घंटे में 6-1 से जीत लिया।

### इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट

## सिंधू और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में, सेन और प्रणय इंडोनेशिया ओपन से बाहर

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

### लक्ष्य हारे, मगर ने दी कड़ी चुनौती

लक्ष्य सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। भारत के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया।



### सात्विक-चिराग, सिंधू का मैच भी रहा रोमांचक

फिर सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को 67 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। सिंधू ने पहला गेम 22-20 से जीता। भारतीय खिलाड़ी ने इस दौरान एक गेम प्वाइंट बचाया और महत्वपूर्ण क्षणों में आक्रामक शॉट लगाकर मैच जीता।

### यह जीत मेरे लिए महत्वपूर्ण : सिंधू

सिंधू ने मैच के बाद कहा, ''पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे निश्चित तौर पर मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए इस तरह के मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है।''



### लय बरकरार नहीं रख सके लक्ष्य, प्रणय हुए बाहर

लक्ष्य सेन पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### मालविका खेल के बीच में हुईं रिटायर

मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गईं और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।


### स्कॉटलैंड का जश्न पल भर में छू मंतर

## अंपायर के इशारे ने पलटी बाजी, आखिरी गेंद पर नेपाल जीता

एजेंसी ▶▶| स्कॉटलैंड

क्रिकेट में आखिरी गेंद पर जीत तो देखी है लेकिन अंपायर की वाइड कॉल से नतीजा पलटते बहुत कम देखा होगा। सोमवार को आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग-2 में नेपाल ने स्कॉटलैंड को उसी अंदाज़ में हराया, जिसे देखकर फैंस और खिलाड़ी, दोनों ही दंग रह गए। मैच की आखिरी गेंद पर स्कॉटलैंड ने नेपाल का आखिरी विकेट गिरा दिया था...या उन्हें लगा ऐसा हुआ।

मैदान पर जश्न शुरू हो चुका था, लेकिन तभी अंपायर ने वाइड का इशारा कर दिया और उसी एक सिग्नल ने स्कॉटलैंड का दिल तोड़ दिया, नेपाल के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और आखिरी गेंद पर जीत दर्ज कर ली।



### स्कॉटलैंड ने मनाना शुरू कर दी खुशी

स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने अपनी जीत मान ली थी। तभी अंपायर ने वाइड का इशारा कर दिया, और करन ने बल्ला उठाकर जश्न मनाना शुरू कर दिया। स्कॉटलैंड के खिलाड़ी हक्का-बक्का रह गए। उन्हें समझ ही नहीं आया कि ये क्या हुआ। अभी तक जो स्कॉटिश खिलाड़ी जीत का जश्न मना रहे थे, उनके चेहरे लटक गए। इसके बाद उनके पास मायूस होने के अलावा कुछ नहीं बचा था।

### नेपाल की टीम अभी भी 7वें स्थान पर

इस जीत से नेपाल को दो अहम अंक तो मिल गए, लेकिन टीम अब भी 8 टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर है। वहीं, स्कॉटलैंड अब चौथे पायदान पर है और यह हार उन्हें काफी भारी पड़ सकती है। क्या हुआ आखिरी गेंद पर? करन केसी स्ट्राइक पर थे। स्कॉटलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मार्क वॉट ने 20वें ओवर की आखिरी गेंद फेंकी, जो लेग स्टम्प की लाइन से बहुत बाहर चली गई। करन ने फ्लिक करने की कोशिश की लेकिन चूक गए। विकेटकीपर मैथ्यू क्रॉस भी गेंद को ठीक तरह से पकड़ नहीं सके और पीछे भागते हुए स्टंप्स गिरा दिए। नेपाल के आखिरी बल्लेबाज़ रिज़न ढकाल ने क्रीज में पहुंचने के लिए डाइव लगा दी लेकिन लग रहा था कि आउट हो गए।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचे गुकेश



**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है

अंचल: द्वितीय तल, सीआई स्क्वायर के पास, नयापुरा, कोलार रोड, अकबरपुर, मेन कोलार रोड, भोपाल -462042 फोन : 0755-4249988, 4243700, 4203836

पंजाब एण्ड सिंध बैंक निम्नलिखित स्थान पर शाखा हेतु कमर्शियल परिसर जो भूतल पर स्थित हो लीज आधार पर कम से कम 15 वर्ष हेतु आवेदन आमंत्रित करता है :-

| स्थान | कारपेट क्षेत्रफल |
|---|---|
| तेलीबांधा, रायपुर | 1500 वर्गफिट |
| जयस्तंभ चौक के.के. रोड, रायपुर | 1700-2000 वर्गफिट |

विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट www.punjabandsindbank.co.in देखें।
आंचलिक प्रबंधक, भोपाल

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर**

**नोटिस**

क्रमांक/42/ब-121/2023-24/466 रायपुर, दिनांक 02 जून, 2025

प्रति,

1. **सतीश शुक्ला व. बलदाउ शुक्ला, 2. श्रीमती प्रिया शुक्ला पति सतीश,** कृष्णा नगर, टिकरापारा, वार्ड क्र. 51, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी **युनियन बैंक शाखा, शंकर नगर, जिला- रायपुर** की ओर से **अविनाश कौर अधिवक्ता** ने आवेदन पत्र/ शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन पत्र से आपने बैंक से 14,00,000.00 **रूपये** का ऋण प्राप्त कर, **सतीश शुक्ला** के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी । आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क **रूपया** 14,63,562.00 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी **युनियन बैंक, शाखा शंकर नगर, जिला- रायपुर** से **14,00,000.00 रूपये** का ऋण प्राप्त कर मौजा- टिकरापारा, प.ह.नं. **114/69**, रा.नि.मं. रायपुर - 1 रायपुर स्थित ख.नं. **562/ 2** का भाग रकबा **624** वर्गफुट पर निर्मित मकान बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे । आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी **दिनांक 09.06.2025** को ठीक **3.00 बजे** उपस्थित होना सुनिश्चित करे । नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा ।

आज **दिनांक 02 जून, 2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

सील

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
रायपुर**






# 2050 में मरेंगे नहीं, बस अपलोड हो जाएंगे इंसान, वैज्ञानिक ने की भविष्यवाणी

एजेंसी ▶▶ लंदन

इंसान हमेशा से अमर होना चाहता था। पौराणिक युग में जहां लोग तपस्या करके ईश्वर से अमरता का वरदान मांगते थे। जब से विज्ञान हमारे जीवन में आया है, तब से वैज्ञानिक इसी तकनीक की खोज में लगे हैं कि इंसान को लंबी ज़िंदगी दी जा सके। अब भविष्यवक्ता और वैज्ञानिक डॉक्टर इयान पियर्सन का दावा है कि साल 2050 तक इंसान हमेशा के लिए जीने में सक्षम हो सकते हैं। डॉक्टर इयान पियर्सन का कहना है कि साल 2050 तक लोग मरेंगे नहीं, बल्कि अपना दिमाग कंप्यूटर या रोबोटिक शरीर में अपलोड करके अमरता हासिल कर लेंगे। ये सुनने में ज़रा अजीब है, लेकिन डॉक्टर पियर्सन के मुताबिक, कंप्यूटिंग, जेनेटिक इंजीनियरिंग और रोबोटिक्स में तेजी से हो रही तरक्की से ऐसा संभव होगा। इंसानों को जैविक मृत्यु के बाद भी जीवित रहने की सुविधा मिल सकेगी।

## डॉक्टर इयान पियर्सन का दावा, कंप्यूटर में अपलोड होगा दिमाग

### जेनेटिक इंजीनियरिंग से रोका जा सकता है बुढ़ापा



डॉक्टर पियर्सन ने ये भी बताया है कि साल 2050 तक ये तकनीक सिर्फ अमीर और मशहूर लोगों के लिए होगी, लेकिन 2060 के दशक में यह आम मध्यम वर्ग के लिए भी उपलब्ध हो सकती है। वे बाते हैं कि जेनेटिक इंजीनियरिंग से बुढ़ापा रोका जा सकता है और कोशिकाओं को युवा और स्वस्थ रखा जा सकता है। इसके अलावा, ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस जैसी तकनीक इंसानों को अपने विचार और यादें वर्चुअल दुनिया या रोबोटिक शरीर में अपलोड करने की सुविधा देंगी। ऐसे में भौतिक तौर पर मौत हो भी जाए तो मरने के बाद भी वे डिजिटल रूप में जिंदा रह सकते हैं।

### कुर्जवील ने की थी भविष्यवाणी

यह दावा उस वक्त सामने आया है जब प्रसिद्ध फ्यूचरिस्ट रे कुर्जवील ने भविष्यवाणी की है कि साल 2029 तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानी दिमाग की बराबरी कर लेगा। पूर्व गूगल इंजीनियर रहे कुर्जवील ने कहा कि 2030 के दशक में इंसानों के दिमाग सीधे क्लाउड से जुड़ सकेगा, जिससे सोचने की क्षमता और बढ़ेगी। वे इससे पहले शतरंज चैंपियन को हराने वाले कंप्यूटर और स्मार्टफोन की लोकप्रियता की भविष्यवाणी भी कर चुके हैं। उनका दावा है कि साल 2045 तक इंसान साइबोर्ग बन सकते हैं। ये ऐसे जीव होंगे, जो मशीन और मानव दोनों के रूप में कार्य कर सकें।

# दुनिया के सारे इंसानों के मांस से बनाई जाए गेंद तो वो कितनी बड़ी होगी?



**न्यूयार्क।** क्या इंसानों की आबादी बहुत ज्यादा है? अलग-अलग देश के लोग अलग तरह से जवाब देंगें। दुनिया में कई देश ऐसे हैं जनसंख्या बेकाबू है और तेजी से बढ़ना चिंता की बात है। वहीं , जापान-कोरिया जैसे देश हैं जहां जनसंख्या बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया गया दो कुछ दशकों में वह देश ही खत्म हो जाएगा। लेकिन, यह भी सच है कि आज जो दुनिया की जनसंख्या है, वह अभूतपूर्व है। आखिर, दुनिया में 7.8 अरब लोग मिलकर क्या बन सकते हैं? इतने लोगों के बारे में सोच कर एक सवाल मन में कौंधता है। अगर, दुनिया के सारे इंसानों के मांस से एक गेंद बनाई जाए, तो वह कितनी बड़ी होगी। सुनने में यह सवाल अजीब लगाता है। पर एक गणितज्ञ ने इसका जवाब निकालकर बताया है।

### हैरान करने वाला है जवाब

यह जवाब आपको हैरान कर देगा। यह खुलासा रेडिट पर खुद को गणितज्ञ कहने वाले एक यूज़र ने किया है। उसका दावा है कि उन्होंने खुद गणना कर यह नतीजा निकाला। लेकिन ,लोगों ने जब सही जवाब सुना तो वे इसके सही गलत होने के बहस में उलझ गए। अगर, इस सवाल के जवाब का आपको कयास भी लगाने के कहा जाए तो आप शायद उस गणितज्ञ के जवाब आसपास तक भी नहीं पहुंच पाएंगे।

### कैसे की गणना

गणितज्ञ ने कहा, 'यह दिखाता है कि हमारी संख्या इतनी ज्यादा नहीं है।' उन्होंने सोचा कि मानव मीटबॉल का नज़ारा और रोचक होगा। इसलिए .उन्होंने इसकी गणना की। गणना के लिए उन्होंने कुछ मान्यताएं लीं। दुनिया की जनसंख्या 7.88 अरब मानी। औसत मानव वजन 62 किलोग्राम लिया। मानव शरीर का घनत्व 985 किलोग्राम प्रति घन मीटर माना। इन आंकड़ों से उन्होंने मीटबॉल का आकार निकाला। उनके मुताबिक, यह गोला 1 किलोमीटर से थोड़ा छोटा होगा।

# आसमानी बिजली गिरने से तीन घंटे पहले ही अलर्ट कर देगा ये सैटेलाइट!

*नई दिल्ली। बारिश, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएं हर साल ना जानें कितनी जिंदगियों की दुश्मन बन जाती हैं। इसमें सबसे खतरनाक है आकाशीय बिजली का गिरना जो बाकी प्राकृतिक आपदाओं की तुलना में सबसे अधिक जानें लेती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की मानें तो 2002 से 2022 के अंतराल में 52,477 लोगों ने बिजली गिरने के कारण अपनी जान गंवाई है। इसके अलावा वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार 1967 से सन 2000 के बीच 1 लाख से अधिक लोगों की जान बिजली गिरने के कारण हुई है।*

## इसरो के हाथ लगी बड़ी कामयाबी



### इनसैट-3डी

भारत के इनसैट-3डी सैटेलाइट का इस्तेमाल करते हुए एनआरएससी के वैज्ञानिकों ने यह पाया कि बिजली गिरने से पहले यह रेडिएशन बहुत ही नाटकीय रूप से बदल जाता है, जिसकी पहचान की जा सकती है।

### सैटेलाइट से सुरक्षा



इनसैट श्रृंखला से डाटा ऑटोमेटिक ही एनएसआरसी के सर्वर तक पहुंच जाएंगे जहां का विशेष एल्गोरिदम पहले ही संभावित बिजली क्षेत्रों की पहचान कर सकता है। इससे किसानों और श्रमिकों को सबसे अधिक फायदा होगा।

### ऐसा भी संभव

बहुत सारे वैज्ञानिकों का मानना था कि इन मौतों को रोका जा सकता था, अगर हमारे पास बिजली गिरने से पहले सभी लोगों को सचेत करने की सुविधा उपलब्ध होती। लेकिन, अब लगता है की हमारे पास ऐसी व्यवस्था या सुविधा हो सकती है जिससे बिजली गिरने से 3 घंटे पहले ही सावधान किया जा सके।

### कैसे बचा जा सकता है

आकाश में बिजली गिरने से 3 घंटे पहले 36,000 किमी ऊपर स्थित सैटेलाइट या उपग्रह वायुमंडल में होने वाले छोटे से छोटे बदलावों का पता लगा सकता है। आकाश में होने वाले हर संकेत को पढ़ने का रहस्य ओएलआर में छिपा है जिसे उत्सर्जित दीर्घ तरंग विकिरण भी कहते हैं, यह वहीं ऊर्जा है जिसे पृथ्वी अंतरिक्ष में वापस भेज देती है।

### कैसे होता है बदलाव

इसरो की टीम ने 3 मापों को इकट्ठा किया है जिसमें भूमि की सतह का तापमान, बादल की गति और बाहर जाने वाली लंबी रेडिएशन वेव्स शामिल हैं ताकि बिजली गिरने से लगभग 3 घंटे पहले ही अनुमान लगाया जा सके।

### कैसे होती है पहचान

इसे अगर सरल शब्दों में कहा जाए तो बिजली गिरने से पहले पृथ्वी पर जब हमला होता है तब धरती के ताप संकेत या हीट सिग्नल में होने वाले परिवर्तन को यह उपग्रह पहचान लेते हैं, जिससे अलर्ट हुआ जा सके।

# इस रहस्यमयी आइलैंड पर महिलाओं के जाने पर है रोक

## पुरुषों के लिए भी बने हैं कड़े नियम

**टोक्यो।** दुनिया में कई ऐसे स्थान हैं, जो अलग-अलग वजह से मशहूर हैं।जापान में भी एक ऐसी ही जगह है, जिसे ओकिनोशिमा आइलैंड के नाम से जाना जाता है। इस आइलैंड पर महिलाओं का जाना प्रतिबंधित है। यहां तक कि इस आइलैंड पर जाने के लिए पुरुषों के लिए भी कड़े नियम बनाए गए हैं। ओ कि नो शि मा आइलैंड को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया है। यह 700 वर्ग मीटर में फैला है। इस टापू के बारे में कहा जाता है कि चौथी से नौवीं शताब्दी तक यह कोरियाई प्रायद्वीप और चीन के बीच व्यापार का केंद्र हुआ करता था। इस आइलैंड को धार्मिक रूप से काफी पवित्र माना जाता है। पुराने समय से चली आ रही धार्मिक पाबंदियां आज भी इस आइलैंड पर मान्य हैं, जिनमें महिलाओं के आने पर प्रतिबंध भी शामिल है। कहा जाता है कि इस आइलैंड पर जाने से पहले पुरुषों को निर्वस्त्र होकर नहाना जरूरी होता है। यहां नियम इतने कड़े हैं कि पूरे साल में सिर्फ 200 पुरुष ही इस टापू पर जा सकते हैं।



### समुद्र की देवी की होती है पूजा

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वहां से लौटने वाले लोग अपने साथ घास तक भी नहीं ला सकते। दरअसल, इस आइलैंड पर मुनाकाता ताइशा ओकित्सु मंदिर मौजूद है, जहां समुद्र की देवी की पूजा की जाती है। वहीं, 17वीं शताब्दी में यहां जहाजों की सुरक्षा के लिए पूजा की जाती थी।




# इस देश की कंपनियों का है अजीब नियम, 2 साल तक ऑफिस मत जाइए, फिर भी मिलती रहेगी 70% सैलरी

**एम्स्टर्डम।** आज के समय में अगर आप एक छुट्टी मांग लो तो एचआर सीधा उस छुट्टी के पैसे काट लेता है। ऐसे में क्या हो अगर कहीं आपको 2 साल तक बिना काम किए 70% सैलरी मिल जाए तो! सुनने में आपको ये बात थोड़ी अजीब जरूर लग रही होगी। लेकिन, ये पूरी तरीके से एकदम सच हैं। हम बात कर रहे हैं यूरोप में बसे नीदरलैंड के बारे में, जहां कंपनियां आपको दो साल तक की छुट्टियां देने को तैयार हैं। ये खबर जैसे ही सोशल मीडिया पर आई तो ये आग की तरह फैल गई. लोगों का कहना है कि बिना काम के इतनी सैलरी मिल रही हो तो छुट्टी लेने में क्या हर्ज है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नीदरलैंड की सरकार और कंपनियां अपने कर्मचारियों की सेहत और आर्थिक सुरक्षा को लेकर कुछ ज्यादा ही गंभीर है। जिसे वहां के लोग सिक पे स्कीम कहते हैं। इसके तहत अगर कोई कर्मचारी बीमार पड़ जाता है तो तो उसे 2 साल तक अपनी सैलरी का कम से कम 70% हिस्सा मिलता है। ये नियम वहां के डच लॉ का हिस्सा है।






# समुद्र में मछली पकड़ने गए थे मछुआरे जाल में कैद हो गया प्रलय का सबूत!



**चेन्नई।** हाल ही में तमिलनाडु के समुद्र तट पर एक दुर्लभ गहरे समुद्र की मछली, जिसे 'प्रलय मछली' या ऑरफिश के नाम से जाना जाता है, मछुआरों के जाल में फंस गई। यह 30 फीट तक लंबी, रिबन जैसी चांदी की चमक वाली मछली, जिसके सिर पर लाल रंग का पंख होता है, आमतौर पर 200 से 1000 मीटर की गहराई में रहती है। इसका सतह पर दिखना इतना असामान्य है। इसने स्थानीय लोगों में उत्सुकता के साथ-साथ चिंता भी पैदा कर दी है। जापानी और फिलीपींस की लोककथाओं में इसे भूकंप और सुनामी जैसे प्राकृतिक आपदाओं का संकेत माना जाता है, जिसके कारण इसे 'प्रलय मछली'का नाम मिला है। लेकिन, क्या यह वाकई आपदा की भविष्यवाणी है या सिर्फ एक संयोग? आइए इस रहस्य को समझने की कोशिश करते हैं।

### बड़ी आपदा का हो सकता है संकेत

30 मई 2025 को, तमिलनाडु के मछुआरों ने इस विशालकाय मछली को पकड़ा, जिसके बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में मछली की चमकदार, सांप जैसी आकृति और लाल पंख स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इसे देखकर जापानी लोककथा 'यूगु नो सुकाई' (समुद्र के देवता का दूत) से जोड़कर आपदा की आशंका जताई। 2011 में जापान के तोहोकु भूकंप और सुनामी से पहले 20 ऑरफिश के दिखने की खबरों ने इस मिथ को और हवा दी थी।

### बेहद दुर्लभ है ये मछली

मरीन बायोलॉजिस्ट थॉमस क्लेवेरी ने बताया कि ऑरफिश का दिखना दुर्लभ है, लेकिन यह हमेशा आपदा से जुड़ा नहीं होता। मछुआरे इसे समय-समय पर देखते हैं और ऐसा नहीं है कि हर बार सुनामी आती है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि गहरे समुद्र में भूकंपीय गतिविधियों से उत्पन्न दबाव में सूक्ष्म बदलाव मछलियों को सतह की ओर धकेल सकते हैं, लेकिन यह सिद्धांत भी पूरी तरह प्रमाणित नहीं है। इसके अलावा, ऑरफिश का सतह पर आना अक्सर उनके बीमार या मरने की स्थिति में होता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com